
RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www. bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः07 , मंगलवार, 17 फरवरी 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8
9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती हेतु पूर्व-प्रशिक्षण कार्यक्रम... 03


बिहार को सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : सम्राट चौधरी 04

रोमांटिक ड्रामा फिल्म गिन्नी वेड्स सन्नी 2 की रिलीज डेट आउट, दिखा ... 07

## फिर ठप हुआ एक्स

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोड नहीं हो रही फीड, यूजर्स की परेशानी बढ़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के डाउन होने की खबर है। सोमवार शाम करीब 7 बजे से एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह ग्लिच देखने को मिला, जिसकी वजह से यूजर्स की फीड लोड नहीं हो रही थी। इसकी वजह से यूजर्स को फीड चेक करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। इस तकनीकी खामी के चलते यूजर्स को फीट में खाली स्क्रीन देखने को मिल रही थी। दुनियाभर में इंटरनेट डाउन रिपोर्ट करने वाली वेबसाइट डाउनडिडेक्टर पर भी शाम 7 बजे बाद एक्स के डाउन की रिपोर्ट अचानक बढ़ गए। खबर लिखे जाने तक 34 हजार से ज्यादा यूजर्स एक्स के डाउन होने को रिपोर्ट कर चुके थे।

## थोक महंगाई 10 महीने में सबसे ज्यादा

- जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर पहुंची



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जनवरी में थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई ) बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इससे पहले दिसंबर में थोक महंगाई 0.83 प्रतिशत पर थी। ये 10 महीनों में सबसे ज्यादा है। मार्च 2025 को ये 2.05 प्रतिशत पर थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 16 फरवरी को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें महंगी हुईं रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 0.21 प्रतिशत से बढ़कर 2.21 प्रतिशत हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई माइनस 0.43 प्रतिशत से बढ़कर 1.55 प्रतिशत हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 2.31 प्रतिशत से घटकर माइनस 4.01 रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 1.82प्रतिशत से बढ़कर 2.86 प्रतिशत रही।

## राजपाल यादव को जमानत

- उधर अमीषा पटेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट, 10 साल पुराना है मामला



**मुंबई (एजेंसी)।** एक तरफ जहां राजपाल यादव को चेक बाउंस के एक पुराने मामले में जमानत मिल गई है वहीं अब अमीषा पटेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट सोमवार को जारी किया गया है। अमीषा पटेल से जुड़ा ये मामला 10 साल पुराना है।

### पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े एआई समिट का उद्घाटन किया

## 'एआई इंपैक्ट समिट 2026' में वैश्विक नेता और टेक दिग्गज शामिल

- इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय द्वारा आयोजित, थीम 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय'
- 300 से ज्यादा कंपनियां दिखा रहीं एडवांस गैजेट्स; खेती, पढ़ाई और सेहत पर फोकस रहेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली।

ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। समिट के साथ-साथ 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगे। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआई से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है।



**पीएम मोदी बोले- दुनियाभर से आए लोगों का स्वागत-** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि आज से दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया 'आई इम्पैक्ट समिट' शुरू हो रही है। मैं इस समिट में हिस्सा लेने आए दुनिया भर के नेताओं, बड़े बिजनेसमैन, इनोवेटर्स, पॉलिसी बनाने वालों, रिसर्चर्स और टेक्नोलॉजी के जानकारों का दिल से स्वागत करता हूं। इस समिट की थीम 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबका भला और सबकी खुशी' है। यह इंसानियत की तरक्की के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करने के हमारे साझा संकल्प को दिखाती है।

**सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन और मुकेश अंबानी सहित 40+ सीईओ पहुँचेंगे-** समिट में 100 से ज्यादा देशों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। इसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डी सिल्वा सहित 15-20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और 50 से ज्यादा मंत्री शामिल होंगे।

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग और माइक्रोसॉफ्ट-गूगल के अन्य बड़े नाम इसमें हिस्सा लेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, टाटा संस के एन. चंद्रशेखरन, इंफोसिस के नंदन नीलेकणि, भारती एंटरप्राइजेज के सुनील भारती मित्तल, टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन और एचसीएल टेक की रोशनी नादर मल्होत्रा भी शामिल होंगी।

### पटाखे बनाने की अवैध फैक्ट्री में भरा था बारूद

## भीषण आग में 8 की मौत

- राजस्थान के भिवाड़ी में अवैध रूप से बन रहे थे पटाखे, पॉलीथिन में इकट्ठे किए गए बॉडी पार्ट्स

**जयपुर/भिवाड़ी (एजेंसी)।** राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है। इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं।

हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पार्ट्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्ठा किया। कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने कहा- देखकर लग रहा है कि छोटा एक्सप्लोसिव मटेरियल था। गैस रिसाव नहीं था। एडीएम सुमिता मिश्रा के अनुसार, फैक्ट्री मालिक का नाम राजेंद्र है। उन्होंने किसी तिवारी को यह फैक्ट्री लीज पर दी थी।



रेस्क्यू टीम को केमिकल फैक्ट्री के अंदर से पटाखे और बारूद मिला है। कहा जा रहा है कि यहां अवैध तरीके से पटाखे बनाए जा रहे थे। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। 5 मजदूर मोतिहारी (बिहार) के रहने वाले थे, जिनके परिवार वाले यहीं उनके साथ किराए के मकानों में रह रहे थे। वहीं इस धमाके में मां के साथ 4 महीने का बेटा जिंदा जल गया।

**वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कलेक्टर-एसपी को जांच के निर्देश दिए-** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। मंत्री ने खैरथल-तिजारा कलेक्टर अर्तिका शुक्ला और एसपी मनीष कुमार को मामले में जांच के निर्देश दिए।

**फॉरेंसिक टीम ने हड्डियों, जले पटाखों के सैंपल लिए-** कोटपूतली से आई हुई फॉरेंसिक टीम मौके पर सबूत जुटा रही है। टीम ने अब तक फैक्ट्री से हड्डियों, जले हुए पटाखों के सैंपल्स लिए हैं।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले- फैक्ट्री के गेट पर ताला रहता था-** पास की फैक्ट्री के कर्मचारी सुरेश कुमार ने बताया- अचानक धमाका होते ही आग लग गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड आने के बाद हमें बाहर निकाल दिया।

## राजस्थान में ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर होगी बमबारी

- बॉर्डर इलाकों में पहली बार आसमान में बाज की तरह हमला करने वाला एयरक्राफ्ट दिखेगा



**जैसलमेर (एजेंसी)।** राजस्थान के बॉर्डर इलाके में 'ऑपरेशन सिंदूर' की तर्ज पर बमबारी होगी। दुश्मनों के ठिकानों को चुन-चुनकर नेस्तनाबूद किया जाएगा। आसमान में पहली बार बाज की तरह हमला करने वाला एयरक्राफ्ट दिखेगा। रिमोट से चलने वाला यह एयरक्राफ्ट पलक झपकते ही टारगेट का खात्मा करता है। इसके अलावा 277 अत्याधुनिक हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

जैसलमेर के पोकरण में 27 फरवरी को एयरफोर्स अपनी ताकत दिखाएगी। 2 साल में एक बार होने वाले इस युद्धाभ्यास का नाम 'वायु शक्ति-2026' रखा गया है। 24 फरवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। मेन इवेंट 27 फरवरी को है। इस दौरान दुश्मन के ठिकानों का पता लगाना और आर्मी की मदद करते हुए हवाई हमले और बमबारी की प्रैक्टिस की जाएगी।

सेना के इस खास युद्धाभ्यास को देखने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के आने की संभावना है।

एयर मार्शल नागेश कपूर ने बताया- इस साल होने वाले अभ्यास में फाइटर जेट, हेलिकॉप्टर, ड्रोन और रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट शामिल होंगे।

**थीम- ऑपरेशन सिंदूर**

एयर मार्शल नागेश कपूर ने बताया- इस पूरे आयोजन की प्रेरणा 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से मिली है। उन्होंने कहा कि जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय एयरफोर्स ने हवाई क्षेत्र में अपना दबदबा कायम किया था और लंबी दूरी की सटीक टारगेटिंग से दुश्मन को धूल चटा दी थी। उसी 'मल्टी-डोमेन' ऑपरेशन का जीवंत प्रदर्शन 27 फरवरी को पोकरण की फायरिंग रेंज में किया जाएगा। वायुसेना इस बार यह दिखाएगी कि कैसे स्वदेशी और आधुनिक प्लेटफॉर्म्स का तालमेल युद्ध के मैदान में निर्णायक असर डाल सकता है। एयरफोर्स ने एयरफोर्स के इस अभ्यास का उद्देश्य थल-जल सेनाओं को तुरंत मदद मुहैया करवाना है।

अभ्यास का उद्देश्य वायुसेना की मारक क्षमता, तकनीक और स्वदेशी हथियारों की भूमिका को दिखाना है।

यह युद्धाभ्यास केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि दुनिया को यह संदेश देने का प्रयास है कि भारतीय वायुसेना दुश्मन के घर में घुसकर हमला करने और उसे नेस्तनाबूद करने की पूरी क्षमता रखती है।

### भुवनेश्वर में बदला लेने के लिए बम बना रहा था परिवार

## 4 लोग बुरी तरह झुलसे, दो की मौत



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के आजाद नगर में 27 जनवरी को एक घर की छत पर जोरदार धमाका हुआ। इसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, मां-बेटा सहित 4 लोग किसी से बदला लेने के लिए छत पर बम बना रहे थे। इसी दौरान ब्लास्ट हो गया।

इससे चारों लोग बुरी तरह झुलस गए। इनमें दो की मौत हो गई है। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसमें दिखा की छत पर 4 पानी की टंकियां लाइन से रखी हैं। टंकियों के पीछे अचानक से धमाके के साथ धुएं का गुबार उठा। फिर झुलसे लोग एक-एक कर भागते नजर आए। घायल हुए लोगों की पहचान शहनवाज मलिक (26), उसकी मां लिलातुन बीबी, मंगेतर तृप्तिमयी महल (23) और दोस्त अमीया मल्लिक (27) के रूप में हुई। शहनवाज मलिक और उसकी मां की मौत हो गई है। वहीं दो अन्य अभी जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

**शहनवाज बदला लेने की नियत से बम बना रहा था-** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शहनवाज एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी होता है। उसका लंबा आपराधिक रिकॉर्ड था।

## भिवाड़ी केमिकल फैक्ट्री अग्निकांडः मोतिहारी के श्रमिकों की मौत से शोक, मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान

**पटना/मोतिहारी।** भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग में बिहार के मजदूरों की मौत की घटना ने पूरे प्रदेश को मर्माहत कर दिया है। इस हादसे में पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) के कई श्रमिकों की जान चली गई, जबकि कुछ अन्य घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। साथ ही स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को राजस्थान सरकार से समन्वय स्थापित कर पार्थिव शरीरों को सम्मानपूर्वक बिहार लाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**मृतकों के नाम इस प्रकार हैं:** सुजांत (पुत्र- शिव पासवान), मिंटू (पुत्र- सिकंदर पासवान), अजीत (पुत्र- सुरेंद्र), रवि (पुत्र- राजदेव), श्याम (पुत्र- जयदेव) तथा अमरेश (पुत्र- कृष्ण लाल), सभी निवासी मोतिहारी। एक अन्य शव की पहचान अभी शेष है। घायल श्रमिकों में मनु पासवान, नितेश कुमार, कन्हैया पासवान, आशिक पासवान और दीपलाल कुमार शामिल हैं। सभी घायल हराज टोला, नारायणपुर (चिरैया) के निवासी बताए गए हैं।

## मनमोहन सिंह के सलाहकार रहे संजय बारू ने कांग्रेस को मुश्किल में डाला

### ममता बनर्जी को बनाएं इंडिया गठबंधन की नेता

**कोलकाता (एजेंसी)।** पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस अपने नेताओं के बयानों में उलझती जा रही है। केरल को लेकर मणिशंकर अय्यर का बयान से गरमाई राजनीति अभी शांत भी नहीं हुई है और अब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सलाहकार रहे संजय बारू ने ममता बनर्जी की तारीफ कर दी है। उनका बयान ऐसे समय में आया है कि अगले दो महीने के भीतर पश्चिम बंगाल चुनाव होने हैं, जहां कांग्रेस सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के मुकाबले में अकेले चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। संजय बारू ने ममता बनर्जी को सेल्फ मेड लीडर बताते हुए उन्हें इंडिया गठबंधन का नेतृत्व सौंपने की वकालत की है।




- टीएमसी सांसद ने किया बारू का समर्थन

संजय बारू ने लिखा है कि सत्तारूढ़ बीजेपी एक पुरुष-प्रधान पार्टी है। एक महिला राजनीतिक नेता के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन बीजेपी के महिला वोट बेस में सेंध लगा सकता है। उन्होंने पूरी तरह से सेल्फ-मेड और पहली पीढ़ी की लीडर बताते हुए लिखा कि बहुत समय हो गया, जब हमें कोई महिला प्रधानमंत्री मिली है। इंदिरा गांधी अब तक भारत की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रही हैं। संजय बारू का यह विचार टीएमसी के नेताओं को काफी पसंद आया। टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने एक्स पर समर्थन करते हुए लिखा कि एक आइडिया जिसका समय आ गया है।

## रमजान के चांद पर भी 'लड़ने' लगे सऊदी अरब और यूएई

### अलग-अलग दिन शुरू हो सकते हैं रोजे

**रियाद (एजेंसी)।** खाड़ी के दो ताकतवर पड़ोसी देशों यूएई और सऊदी अरब में इस साल रमजान का महीना अलग-अलग शुरू हो सकता है। दोनों देशों का साझा बॉर्डर है लेकिन चांद दिखने के मामले में दोनों देशों में एक राय नहीं है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के टॉप एस्ट्रोनॉमर्स ने कहा है कि मंगलवार, 17 फरवरी को चांद नहीं दिखेगा। वहीं सऊदी अरब इसी दिन चांद दिखने और रमजान की शुरुआत का ऐलान कर सकता है। इस मुद्दे को एक्सपर्ट दोनों देशों की तनातनी से भी जोड़ रहे हैं। दोनों देशों के रिश्ते हालिया महीनों में तनावपूर्ण रहे हैं। मिडिल ईस्ट आई के मुताबिक, इस साल यूनाइटेड अरब अमीरात रिवाज तोड़कर सऊदी अरब के एक दिन बाद रमजान शुरू कर सकता है। सालों से सऊदी अरब ने कुछ ऐसे दिनों में चांद दिखने की बात कही है, जब साइंटिस्ट और एस्ट्रोनॉमर्स का कहना है कि चांद देखना नामुमकिन है। हालांकि सऊदी अधिकारियों ने इन आलोचनाओं पर ध्यान नहीं दिया है।

## गुजरात के 32 स्कूलों में बम की धमकी

### ईमेल में लिखा- बस को उड़ा देंगे, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा, पैरेंट्स बच्चे लेकर लौटे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिए बम की धमकी दी गई है। वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है।



**पुलिस बोली- ईमेल भेजने वाले का पता लगा रहे हैं-** वडोदरा पुलिस कमिश्नर नरसिम्हा कुमार ने बताया कि टीचर्स और स्टूडेंट को स्कूलों से घर भेज दिया गया है। 9 स्कूलों पर जांच पूरी हो चुकी है, बाकी जगह जारी है। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जाएगी। हम पता लगा रहे हैं कि ईमेल किस आईडी से और कहां से भेजा गया है। देश के अन्य राज्यों में बम की धमकियां मिली।

**उत्तराखंड- नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी-** नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वकील अपने-अपने चेंबर से दौड़कर बाहर आए। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने बताया कि अभी ऑल इंडिया जजेज एसोसियेशन के ई-मेल पर एक मेल आया है, जिसमें एक बजे तक जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

**उत्तर प्रदेशः लखनऊ में 18 जिलों के कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी-** लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी के जिला कोर्ट समेत मेरठ और आजमगढ़ की जिला कोर्ट को भी धमकी मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईशान किशन की धमाकेदार पारी की पाकिस्तान में भी गूंज, पाक पत्रकार और शोएब अख्तर बोले-कमाल का कमबैक

**पटना।** ईशान किशन की इस ज़ोरदार पारी की चर्चा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी हुई है। पाकिस्तान के पत्रकार शहजार इक़बाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "दो महीने पहले तक टी20 वर्ल्ड कप के लिए ईशान किशन प्लान का हिस्सा भी नहीं थे। लेकिन अब उन्होंने भारत के लिए पाकिस्तान के गेंदबाजी अटैक की हालत खराब कर दी। क्या कमाल का कमबैक है।" भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफ़ान पठान ने भी कहा कि, 'ईशान किशन ने पाकिस्तान को सरप्राइज कर दिया।' पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने कहा कि ईशान किशन ने कमाल कर दिया।



खेल पत्रकार बोरिया मजूमदार ने उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि, 'अब तमाम मुश्किलों का सामना करने के बाद ईशान किशन एक बेहतर क्रिकेटर बन गए हैं। ईशान किशन को खुद को गहराई से समझना पड़ा और नए सिरे से पहचानना पड़ा। टिके रहने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान तलाशनी पड़ी। अब वह एक बेहतर इंसान हैं, दुनिया का सामना करने के लिए बेहतर रूप से तैयार हैं।"

पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इंडियन क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रणव कुमार पांडे ने कहा कि, "हमें खुशी है। हमें गर्व है कि हमारी टीम इंडिया जीती... हमें उम्मीद है कि यह परफॉर्मेंस जारी रहेगी और इंडिया जीतता रहेगा... ईशान ने इन दो सालों में बहुत मेहनत की और लगातार डोमेस्टिक क्रिकेट खेला, बैटिंग पर फोकस किया..." इंडियन क्रिकेटर ईशान किशन की मां सुचित्रा सिंह ने भी टीम इंडिया की जीत पर खुशी जाहिर किया।

### वेटिंग रूम में गूंजी किलकारी, 'ऑपरेशन मातृ शक्ति' के तहत गर्भवती की सुरक्षित डिलीवरी

**पटना।** पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एक गर्भवती महिला ने वेटिंग रूम में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी पुलिसकर्मियों ने 'ऑपरेशन मातृ शक्ति' के तहत त्वरित कार्रवाई किया और महिला की सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित की। रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि बिहटा सदीशोपुर की रेखा कुमारी अपने पति पिंटू कुमार के साथ ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पर इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान उन्हें अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों को तुरंत सूचित किया गया। आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने बिना देर किए वेटिंग रूम को खाली कराया और आवश्यक व्यवस्थाएं कीं। स्टेशन पर उपलब्ध संसाधनों और प्रशिक्षित महिला कर्मियों की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया गया। थोड़ी ही देर में महिला ने एक स्वस्थ लड़के को जन्म दिया। इसके बाद एंबुलेंस की व्यवस्था कर मां और नवजात को पास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, 'ऑपरेशन मातृ शक्ति' का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को आपात स्थिति में त्वरित और संवेदनशील सहायता प्रदान करना है। इस अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों पर तैनात बलों को ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इस सराहनीय पहल के लिए स्थानीय लोगों और यात्रियों ने पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की। यात्रियों ने सुरक्षाकर्मियों की तत्परता और मानवीय संवेदना को सराहा।



### सहजानंद सरस्वती को भारत रत्न देने की मांग, पटना में भाजपा ने मनाई जयंती, कहा-वो युग पुरुष हैं



**पटना।** स्वामी सहजानंद किसान वाहिनी की ओर से रवींद्र रंजन की अध्यक्षता में पटना के बीआईए सभागार में महान किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती समारोह मनाई गई। इस दौरान बिहार भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखूभाई दालसानिया ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रासंगिकता कल भी थी, आज भी है और रहेगी भी। सहजानंद ने पहली बार किसानों को राष्ट्रीय स्तर पर संगठित करने का कार्य किया था। उनके कार्यों का ही नतीजा था कि किसान भारतीय राजनीति की मुख्य धारा से जुड़ पाए। सहजानंद के आह्वान पर स्वतंत्रता आंदोलन में किसानों ने भाग लिया जिससे स्वतंत्रता आंदोलन की धारा व्यापक हुई। उनके कार्यों की वजह से ही देश भर से जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और देश भर कि किसान अपने खेतों के मालिक बहाल हो पाए। भीखूभाई दलसानिया ने यह भी कहा कि सहजानंद को न सिर्फ उनके किसान आंदोलन के लिए याद किया जाएगा, बल्कि उनके धार्मिक सुधार और सामाजिक न्याय का उल्लेख भी प्रासंगिक बना रहेगा। सहजानंद ने आजीवन गरीबों, दलितों और किसानों की लड़ाई लड़ी। सहजानंद की कार्यशैली से आज के राजनेताओं को प्रेरणा लेना चाहिए। सहजानंद त्याग के प्रतीक पुरुष थे। वहीं समारोह के अध्यक्षीय भाषण के दौरान स्वामी सहजानंद किसान वाहिनी के अध्यक्ष व भाजपा नेता रवींद्र रंजन ने कहा कि स्वामी जी एक ऐसे युग पुरुष हैं, जो ऐतिहासिक अंधकार में हैं जबकि उनकी बातें आज भी व्यावहारिक रूप से लागू होती है।

### मुखिया पर लड़के ने बैड टच का लगाया आरोप, नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी 2 बार पहले भी जा चुका है जेल

**हाजीपुर।** वैशाली के बरांटी थाना क्षेत्र में काशीपुर चकबीबी पंचायत के मुखिया अर्जुन सिंह पर एक नाबालिग बच्चे से अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता नाबालिग ने पुलिस को बताया कि 9 फरवरी 2026 को शाम लगभग 6 बजे मुखिया अर्जुन सिंह ने उसे 'किसान सम्मान निधि योजना' की जानकारी देने के बहाने बुलाया था। मुखिया ने नाबालिग को काशीपुर चकबीबी वार्ड नंबर 12 के कचड़ा भवन नहर के किनारे मिलने को कहा। नाबालिग के अनुसार, जैसे ही वह निर्धारित स्थान पर पहुंचा, मुखिया ने उसे जबरदस्ती कचड़ा भवन में ले जाकर अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का दबाव डाला। आरोप है कि मुखिया ने नाबालिग के निजी अंगों को पकड़कर दबाया, जिससे उसे गंभीर दर्द और मानसिक तनाव हुआ।



जब नाबालिग ने मदद के लिए चिल्लाने की कोशिश की, तो मुखिया ने उसका मुंह दबा दिया और उसके गाल पर जोर से दांत काट दिए। किसी तरह नाबालिग ने अपनी जान बचाई और घर पहुंचकर माता-पिता और ग्रामीणों को पूरी घटना की जानकारी दी। नाबालिग के पिता भरण-पोषण के लिए बाहर रह रहे थे। उनके घर लौटने के बाद 12 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज कराई गई। इस पर बरांटी थाना पुलिस ने मुखिया अर्जुन सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 'सरकार को पैसे देकर वोट लेने का चस्का लगा'

## महिलाओं को 10 हजार देने पर कांग्रेस का हमला, राजेश राम बोले-वोट चोरी का फार्मूला सक्सेस

एजेंसी, पटना




बिहार में आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 25 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। इस पर बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने सरकार को घेरा है। सदाकत आश्रम में प्रेस से बातचीत के दौरान राजेश राम ने कहा कि, 'सरकार का वोट चोरी करने का फार्मूला सक्सेस हुआ है। अब उन्हें चस्का लगा हुआ है लोगों को पैसे देकर वोट लेने का। जिस चीज का चस्का लग जाता है, वह लोग बार-बार करते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि, '2 लाख से क्या होता है। इससे अच्छा रोजगार दे दें। बिहार में रोजगार का अवसर नहीं है। लोग भुखमरी के कारण आत्महत्या कर रहे हैं।'

**अभी का समय तो यह है कि जो बोलेगा वह जेल जाएगा- राजेश राम:** लोजपा रामविलास की ओर से कहा जा रहा है कि दलितों का अपमान हो रहा है। इस पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि, 'बोलने और करने में अंतर है। पूरे बिहार में दलितों पर उत्पीड़न बढ़ा है। कितनी घटना देखने को मिल रही है। यहां तक की महिलाओं के साथ ही बलात्कार का मामला बढ़ गया है। अभी का समय तो यह है कि जो बोलेगा वह जेल जाएगा। इस पर भी उनकी प्रतिक्रिया आना चाहिए। महिलाओं की हालत तो और खराब है। वह डर कर घर में ही रहने को मजबूर हैं। उनके बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। - राजेश राम, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, बिहार

**40 आब्जर्वर के साथ बिहार कांग्रेस की बैठक:** आज कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए संगठन सृजन अभियान को लेकर एक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी शामिल है। इसके लिए कांग्रेस ने बिहार में 40 ऑब्जर्वर को नियुक्त किया है। आज की बैठक को लेकर राजेश राम ने कहा कि 'कांग्रेस ने बहुत रिसर्च करके संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की है। यह काम जिला स्तर पर होगा, उसके बाद प्रखंड और फिर पंचायत तक जाएगा। बिहार कांग्रेस ने 40 ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं। यह सभी ऑब्जर्वर 7 दिन तक रहकर अपने क्षेत्र का अध्ययन करेंगे। इसमें चार बिंदु पर विशेष ध्यान दिया गया है।'

राजेश राम ने बताया कि, 'पहला संगठन सृजन में हमारी क्या कमजोरी है, दूसरा संगठन सृजन में काम करने की जिनकी क्षमता है उनकी पहचान कर लाया जाएगा, तीसरा संगठन सृजन में सामाजिक समीकरण को कैसे साधा जाए और चौथा सबको समान अवसर मिले।'

# पटना के होटल ताज में ब्लास्ट, 3 आतंकी घुसे

एजेंसी, पटना



पटना के बुद्धा कॉलोनी इलाके की लोदीपुर स्थित होटल ताज में आतंकी हमले को लेकर मॉकड्रिल की जी रही है। इस दौरान तीन हथियार बंद डमी आतंकी होटल के अंदर घुसे हैं। आतंकी अत्याधुनिक हथियारों से लैस है। वे हाथों में एके-47 और हैंड ग्रेनेड लिए हुए थे।

आतंकियों ने सबसे पहले एंट्रेंस गेट पर हैंड ग्रेनेड फेंक कर दो धमाके किए। फिर गेट पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को गोली मार दी। इसके बाद आगे दौड़ते हुए होटल के अंदर घुस गए। होटल के अंदर जो भी गेस्ट थे, सभी को आतंकियों ने पिछले डेढ़ घंटे से बंधक बनाकर रखा है।

**होटल में ATS का ऑपरेशन शुरू:** पिछले डेढ़ घंटे से तीन आतंकी होटल के अंदर हैं। तकरीबन 100 से अधिक गेस्ट को बंधक बनाकर रखा है। इसकी सूचना देने के 2 घंटे बाद पटना ATS मौके पर पहुंची है और आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। स्थानीय थाने की पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है। एंट्रेंस गेट पर सुरक्षा के लिहाज से भारी फोर्स मौजूद है।

♦ कर्मचारियों को बनाया बंधक, पुलिस-एटीएस का ऑपरेशन शुरू

**एंट्रेंस गेट पर स्थानीय थाने की पुलिस मौजूद:** फिलहाल, एंट्रेंस गेट पर स्थानीय थाने की पुलिस मौजूद है। सुरक्षा के लिहाज से एंट्रेंस गेट के पास बैरिकेडेस लगा दिया गया है। पुलिस की ओर से होटल परिसर को खाली करने का प्रयास किया जा रहा है।

**सुरक्षा के लिहाज से किया जा रहा मॉकड्रिल:** इस मॉकड्रिल के दौरान फिल्म मेकिंग भी की जा रही है, ताकि लोगों को इसके बारे में सही जानकारी हो। सुरक्षा के लिहाज से उठाया गया यह एहतियाती कदम है।

# कोरिया के आर्किटेक्ट को मिली पटना हाईकोर्ट से जमानत

एजेंसी, पटना



♦ वीजा एक्सपायर होने के बाद भी भारत में रह रहे थे, डॉक्यूमेंट बनवाने गए रक्सौल

साउथ कोरिया के जाने माने आर्किटेक्ट किम यांग को पटना हाईकोर्ट से 1 साल के बाद जमानत मिल गई है। पिछले साल ये नेपाल बॉर्डर के पास वीजा बनवाने गए थे। इसी बीच रक्सौल के एक होटल से पकड़े गए थे। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो कोई वैलिड डॉक्यूमेंट्स नहीं मिले। उनको गिरफ्तार कर लिया गया।

यांग ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि पिछले 6 साल से भारत की अलग-अलग हिस्सों में रह रहे थे। यहां की लड़की से शादी की थी। बच्चा भी था। उनका वीजा 2021 में एक्सपायर कर गया था उसे बनवाने आए थे। इसके बाद यंग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ रक्सौल थाने में Immigration and Foreigners Act के तहत केस दर्ज किया गया।

किम यांग डे के वकील कुमार हर्षवर्धन ने बताया कि कल संभवत जेल से बाहर आ सकते हैं। प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वर्ष 2021 में वीजा की वैलिडिटी खत्म हो गई थी। डॉक्यूमेंट बनवाने के लिए रक्सौल गए थे। इसी दौरान पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। कोर्ट ने सशर्त जमानत दी है। बेल में उनकी पत्नी जैरोसा ग्रांटर बनी हैं। कोर्ट के आदेशानुसार, पासपोर्ट जमा करेंगे। हर डेट पर उपस्थित रहेंगे। ट्रायल के दौरान सहयोग करेंगे। किम यांग डे कोरिया के जाने माने आर्किटेक्ट हैं। सैमसंग जैसी कंपनियों में काम कर चुके हैं।

# पटना के जमुनीचक में रहस्यमय बीमारी, 15 दिन में दो मौत, दो मरीज पीएमसीएच रेफर

एजेंसी, पटना

पटना के बाढ़ अनुमंडल स्थित जमुनीचक गांव में एक रहस्यमय बीमारी ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले पंद्रह दिनों में दो युवकों की मौत हो चुकी है, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हैं। कई और ग्रामीणों में भी समान लक्षण देखे जा रहे हैं, जिससे गांव में भय का माहौल है। मृतकों की पहचान मनीष और कुणाल के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, मरीजों को पहले पेट और सिर में तेज दर्द होता है, फिर उल्टी शुरू हो जाती है। तीन-चार दिनों में संक्रमण तेजी से बढ़ता है, चेहरा पीला पड़ जाता है और शरीर सुस्त हो जाता है। कुछ मामलों में नाक और मुंह से खून निकलने की भी बात सामने आई है।



**स्थानीय अस्पताल से पटना रेफर:** बीमारों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करने के बाद सीधे पटना रेफर किया जा रहा है। ग्रामीण इंदु देवी का कहना है कि जिन लोगों की मौत हुई है या जो बीमार हैं, वे गांव से बाहर काम करने नहीं गए थे। उन्होंने ज्वाला नामक युवक का उदाहरण देते हुए बताया कि वह चापाकल से पानी भरते समय अचानक गिर पड़ा और अब उसका इलाज चल रहा है। उचित कुमार ने बताया कि 15 दिनों में दो युवकों की मौत हो चुकी है और चार का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। एक युवक की मेडिकल रिपोर्ट में लिवर, किडनी, खून और दिमाग में समस्या बताई गई थी। मौत के समय उसके मुंह और नाक से खून निकलने की बात भी सामने आई है।

स्थानीय विधायक डॉ. सियाराम सिंह ने कहा कि शहरी पंचायत के जमुनीचक गांव में हुई दो मौत का कारण पता नहीं चल सका है। उन्होंने पटना के सिविल सर्जन को फोन कर मामले की जानकारी दी है। विधायक के मुताबिक, पटना से जल्द ही एक मेडिकल टीम जांच के लिए गांव पहुंचेगी। दो बच्चे अभी इलाजरत हैं। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है और आश्वासन दिया है कि बीमारी का कारण पता लगाकर तुरंत इलाज की व्यवस्था की जाएगी।

❑ बाढ़ में एक का इलाज जारी विधायक सियाराम ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**जादू-टोना से लेकर निपाह तक की चर्चा:** रहस्यमय बीमारी के कारण गांव में दहशत का माहौल है। दूसरे टोले के लोग प्रभावित परिवारों के घरों की ओर जाने से भी कतरा रहे हैं। शुरुआत में कुछ महिलाओं ने जादू-टोना की आशंका जताई और झाड़-फूंक कराई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बाद में डॉक्टरों से संपर्क किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बीमारी को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। गांव में कुछ लोग इसे निपाह वायरस से जोड़कर देख रहे हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल स्वास्थ्य शिविर लगाकर सभी लोगों की जांच कराने और बीमारी के कारणों का पता लगाने की मांग की है। फिलहाल, स्वास्थ्य विभाग की टीम के आने का इंतजार है। जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि बीमारी का वास्तविक कारण क्या है।

# कोर्ट ने पूछा- लालू-राबड़ी आप पर लगे आरोप सहीं हैं?, दोनों ने कहा- नहीं, हम मुकदमा लड़ेंगे

एजेंसी, पटना

लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार की आज दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। लालू यादव व्हील चेयर पर कोर्ट पहुंचे। उनके साथ राबड़ी देवी और उनकी सांसद बेटी मीसा भारती भी मौजूद रहीं। कोर्ट रूम के भीतर जब जज ने औपचारिक रूप से आरोपों की जानकारी दी और पूछा कि क्या वे आरोप स्वीकार करते हैं, तो लालू यादव ने दो-टूक लहजे में कह कि, आरोप मंजूर नहीं, हम केस का सामना करेंगे।' इधर, सुनवाई से पहले मीसा भारती ने कहा है कि, मामला कोर्ट में है और हमें कोर्ट पर विश्वास है कि हमें न्याय मिलेगा। एक ही केस में बहुत से केस बनाने से लोगों को परेशानी हो रही है।'



**लालू यादव व्हील चेयर पर कोर्ट पहुंचे थे:** लालू-राबड़ी को राहत लालू और राबड़ी के वकीलों ने कोर्ट को जानकारी दी कि दोनों की सेहत ठीक नहीं रहती है। इस दलील को अदालत ने स्वीकार कर लिया और स्वास्थ्य कारणों से दोनों को व्यक्तिगत पेशी से स्थायी छूट दे दी है। इस छूट के बाद लालू-राबड़ी को हर तारीख पर दिल्ली की अदालत में मौजूद रहने की जरूरत नहीं होगी।

**रविवार को दिल्ली रवाना हुई थे लालू-राबड़ी:** लालू और राबड़ी देवी रविवार शाम ही दिल्ली रवाना हो गए थे। कोर्ट ने लालू-राबड़ी, बेटे तेजप्रताप, तेजस्वी यादव और बेटी मीसा, हेमा पर आरोप तय किए हैं। लालू परिवार के साथ कुल 41 लोगों पर आरोप तय हुए हैं। इन लोगों पर अब मुकदमा चलेगा। अबतक कोर्ट ने 52 लोगों को बरी किया है।

लैंड फॉर जॉब केस में सुनवाई

**कोर्ट ने कहा- लालू फैमिली ने आपराधिक गिरोह की तरह काम किया:** करीब 18 दिन पहले, सुनवाई के दौरान स्पेशल जज विशाल गोग्ने ने अपने आदेश में कड़ी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, 'लालू यादव और उनका परिवार एक आपराधिक गिरोह की तरह काम कर रहा था। सरकारी नौकरियों के बदले संपत्ति हासिल करने की एक व्यापक साजिश रची गई थी'। जज ने आदेश सुनाते हुए कहा, 'अदालत संदेह के आधार पर यह पाती है कि लालू प्रसाद यादव ने अपने परिवार (बेटियों, पत्नी और बेटों) के लिए अचल संपत्तियां हासिल करने के लिए सरकारी नौकरी को सौदेबाजी के हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की एक व्यापक साजिश रची थी।'

# फरवरी के अंत तक सुबह-शाम महसूस होगी ठंड, होली के बाद बढ़ेगी गर्मी

एजेंसी, पटना



बिहार में फरवरी के अंतिम सप्ताह तक सुबह और शाम ठंड का असर बना रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि लोगों को असली गर्मी का अहसास होली के बाद ही शुरू होगा। फिलहाल दिन में धूप निकलने के बावजूद ठंडी हवा चलने से गर्मी ज्यादा महसूस नहीं हो रही है। लगातार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से राज्य का मौसम सुहावना बना हुआ है और तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है।

**तापमान में गिरावट की संभावना:** मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से हवा की दिशा में बदलाव होगा और तापमान में करीब 1 से 2 डिग्री तक गिरावट आ सकती है। इससे पूरे फरवरी महीने तक लोगों को वसंत ऋतु जैसा मौसम महसूस होगा। रविवार सुबह तेज हवा चलने से ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक पटना में न्यूनतम तापमान 14.8 और अधिकतम तापमान 26.8 दर्ज किया गया। वहीं राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान किशनगंज में 10.3 दर्ज हुआ, जबकि सबसे अधिक तापमान कैमूर में 29.5 रिकॉर्ड किया गया। अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क बने रहने की संभावना जताई गई है।

# पीएमसीएच में हड्डी रोग विभाग को मिलेंगी 3 एनेस्थेशिया मशीनें

एजेंसी, पटना



राजधानी के पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) में इलाज व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया जा रहा है। अस्पताल के हड्डी रोग विभाग को जल्द ही तीन एनेस्थेशिया वर्क स्टेशन मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इन मशीनों के आने से जटिल सर्जरी के दौरान मरीजों को बेहोश करने की प्रक्रिया सुगम होगी और ऑपरेशन की लंबी वेटिंग लिस्ट में भी कमी आएगी।

**एक साथ कई ऑपरेशन टेबल होंगे संचालित:** अभी तक हड्डी रोग विभाग में एनेस्थेशिया वर्क स्टेशन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण एक साथ कई ऑपरेशन करना संभव नहीं हो पाता था। खासकर जटिल ऑर्थोपेडिक सर्जरी के दौरान एनेस्थेशिया देने में तकनीकी दिक्कतें आती थीं, जिससे ऑपरेशन की गति प्रभावित होती थी। नई व्यवस्था के बाद विभाग में एक साथ कई ऑपरेशन टेबल संचालित किए जा सकेंगे, जिससे मरीजों को समय पर सर्जरी की सुविधा मिलेगी।

# पटना में बन रहा मेट्रोपोलिटन सर्विलांस यूनिट

एजेंसी, पटना



पटना में अब मेट्रोपोलिटन सर्विलांस यूनिट बनेगा। इस यूनिट की स्थापना के लिए पटना नगर निगम, बिहार सरकार और भारत सरकार के बीच त्रिपक्षीय एमओयू किया गया है। यह पहल शहरी क्षेत्र में रोगों की निगरानी, कंट्रोल और तुरंत कार्रवाई की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। पटना नगर निगम में जनस्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मेट्रोपोलिटन सर्विलांस यूनिट की स्थापना की जा रही है।

**17 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम करेगी काम:** मेट्रोपोलिटन सर्विलांस यूनिट में कुल 17 लॉग-इन आधारित विशेषज्ञों की टीम काम करेगी। इस टीम में पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, फ़ूड सेफ्टी ऑफिसर, वेटनरी डॉक्टर, प्रशिक्षित टेक्नीशियन, कीटविज्ञानशास्त्री (एंटोमोलॉजिस्ट) शामिल हैं। यह टीम लगभग 40 संक्रामक रोगों की निगरानी, खाद्य सुरक्षा, जलजनित और पशुजनित रोगों पर सतत निगरानी रखेगी और प्राप्त सूचनाओं का वैज्ञानिक विश्लेषण करेगी।

**भारत सरकार के पोर्टल पर होगा रियल-टाइम डेटा अपडेट:** मेट्रोपोलिटन सर्विलांस यूनिट द्वारा संकलित और विश्लेषित डेटा को भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल IHIP (इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन प्लेटफार्म) पर नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा, जो रियल टाइम होगा। इससे रोगों की समयबद्ध पहचान, तुरंत हस्तक्षेप और प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

**BSL-2 लैब की होगी स्थापना:** मेट्रोपोलिटन सर्विलांस यूनिट के तहत BSL-2 लैब की स्थापना होगी। इसके साथ ही हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सिस्टम को शुरू करते हुए सरकारी और ग़ैर सरकारी अस्पतालों से डेटा प्राप्त करके रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। निगम के मुताबिक, यह यूनिट शहरी स्वास्थ्य तंत्र को सशक्त बनाएगी और आपात परिस्थितियों में फौरन और कॉर्डिनेटेड कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। इसको लेकर स्थापना की प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने को लेकर पटना नगर निगम की टीम लगी हुई है।

♦ 17 सदस्यीय एक्सपर्ट टीम करेगी काम, 40 संक्रामक रोगों का होगा साइंटिफिक एनालिसिस

# 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती हेतु पूर्व-प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

बीएनएम @ मोतिहारी

सशस्त्र सीमा बल की 71वीं वाहिनी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं एवं युवतियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती हेतु पूर्व-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सीमा चौकी महुआवा के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज (VVP-II) महुअवा स्थित सतगुरु कबीर महंथ रामखेलावन गोस्वामी प्रोजेक्ट +2 हाई स्कूल, कटकेनवा में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 16 से 22 फरवरी 2026 तक कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के मार्गदर्शन में संचालित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में महुआवा पंचायत के मुखिया संतोष गिरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया



गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों के युवाओं एवं युवतियों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक मानक परीक्षण, आयु परीक्षण, शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा तथा चिकित्सीय परीक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वाहिनी के कार्यक्षेत्र के विशेषकर वाइब्रेंट विलेज (VVP-II) से आए लगभग 200 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 71वीं वाहिनी एसएसबी मोतिहारी के उप कमांडेंट विश्वजीत तिवारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों के युवक-युवतियों के कौशल विकास हेतु समय-समय पर ऐसे निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं, जिससे वे स्वरोजगार से जुड़कर स्वावलंबी बन सकें और सरकारी सेवाओं में अपना योगदान दे सकें। वहीं मुख्य अतिथि संतोष गिरी ने अपने संबोधन में कहा कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से ग्रामीण युवाओं का कौशल विकास हो रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सकारात्मक दिशा में प्रयास करते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती की तैयारी करें और अपने गांव एवं समाज का नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी, आदापुर अनामिका सिंह ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से ग्रामीण युवाओं को सही मार्गदर्शन प्राप्त होता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकते हैं और सरकारी सेवा में चयनित होकर अपने परिवार का नाम गौरवान्वित कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुखिया मदन प्रसाद, चंद्र मोहन यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी छौड़ादानो वासिक हुसैन, पंचायत अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, प्रधानाध्यापक उम्दालाल प्रसाद, सहायक कमांडेंट प्रमोद कुमार, आकाश यादव एवं शिवांगिनी राय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, प्रशिक्षकगण, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा सशस्त्र सीमा बल की इस पहल की सराहना की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### निःशुल्क विद्युत कनेक्शन के लिए विशेष कैंप शुरू

**बीएनएम @ मोतिहारी**। किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क विद्युत कनेक्शन देने के लिए 16 फरवरी 2025 से एक सप्ताह तक विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप सभी सेक्शन कार्यालयों में आयोजित होगा, जहां किसान आसानी से आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। इस विशेष कैंप के माध्यम से इच्छुक किसान एम.के.वी.एस.वाई.-2 योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए किसान अपने संबंधित कनीय अभियंता से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा प्रमंडल कार्यालय परिसर में स्थित सुविधा केंद्र पर भी आवेदन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। विद्युत विभाग की ओर से सभी पात्र किसानों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें निःशुल्क विद्युत कनेक्शन का लाभ मिल सके।

### लौरिया में युवक पर चाकू से हमला, हालत नाजुक

**बीएनएम @ लौरिया**। लौरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक को परिजनों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लौरिया पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए उसे जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के सिसवा बसंतपुर निवासी अवध किशोर पांडे के 30 वर्षीय पुत्र राजन कुमार पांडे के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राजन कुमार पांडे लौरिया–बगहा मुख्य मार्ग स्थित इंग्लिसिया पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने गए थे। लौटने के दौरान पहले से घात लगाए एक युवक ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमलावर ने उन्हें गिराकर चाकू से वार किया और मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व एक शादी समारोह में मोबाइल को लेकर पट्टीदारी में विवाद हुआ था। घायल युवक ने अपने बयान में अपने चाचा के बेटे पर हमला करने का आरोप लगाया है। इलाज कर रहे चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### सूखे नशे के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सूखे नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शम्भुचक निवासी हीरालाल साह (पिता– स्व. बंगाली साह) आसपास के गांवों में घूम-घूमकर गांजा बेचने का काम कर रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग 110 ग्राम (6 पुड़िया) गांजा जैसा पदार्थ बरामद किया गया। एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने बखरी निवासी प्रमोद सिंह (पिता– स्व. नागा सिंह) की दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान करीब 200 ग्राम (8 पुड़िया) गांजा जैसा पदार्थ और 20 पीस गांजा भरने वाले खाली पुड़िया बरामद किए गए। पुलिस ने उसे भी मौके से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सूखे नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में शराब कारोबारियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में शराब बरामद

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिला में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। गुप्त सूचना के आधार पर तीन थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर पुलिस ने नेपाली और देशी चुलाई शराब की बड़ी खेप बरामद की है। इस दौरान दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक मामले में खेत से शराब बरामद हुई। जितना थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी के संयुक्त सहयोग से रात में नाका लगाकर जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान सिर पर शराब लेकर जा रहे एक व्यक्ति को पकड़ा गया। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान अजय साह (पिता– अमर साह), निवासी धूमनगर, थाना घोड़ासहन के रूप में हुई है। उसके पास से कुल 105.600 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आदापुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। जय प्रकाश कुमार जायसवाल (पिता– गणेश प्रसाद), निवासी छपरा बहास, थाना सुगौली को मोटरसाइकिल पर 150 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है और कानूनी कार्रवाई जारी है। वहीं कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सिसवा खरार गांव में सरसों के खेत में छापेमारी कर पुलिस ने 50 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की। हालांकि इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है और पुलिस संलिप्त लोगों की पहचान में जुटी हुई है।

### तुरकौलिया थाना में आज एसपी का जनता दरबार, दोपहर एक बजे से जनसुनवाई

**बीएनएम @ तुरकौलिया**। स्वर्ण प्रभात, पुलिस अधीक्षक मोतिहारी, आज तुरकौलिया थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित करेंगे। जनसुनवाई कार्यक्रम दोपहर लगभग एक बजे से प्रारंभ होगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में एसपी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के सभी फरियादी अपनी समस्याओं और शिकायतों के साथ निर्धारित समय पर थाना परिसर में उपस्थित हों, ताकि मामलों का त्वरित एवं ऑन-द-स्पॉट समाधान किया जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न थानों में क्रमवार जनता दरबार लगाए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य आम लोगों की शिकायतों का सीधे सुनवाई कर निष्पादन करना है। इस पहल से पुलिस और आमजन के बीच संवाद को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 65 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

**बीएनएम @ बगहा** : बगहा के धनहा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गौतम बुद्ध सेतु चेकपोस्ट से 65 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। तस्कर यूपी से एक 'जुगाड़ गाड़ी' में 362 बोतलें छिपाकर पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया ले जा रहे थे। तस्करी को अंजाम देने के लिए एक 'लाइनर' पल्सर बाइक से आगे चल रहा था, जो मोबाइल लोकेशन के जरिए चालक को रास्ता दिखा रहा था। पुलिस ने मौके से तस्कर इमरान आलम और मोहम्मद इस्लाम को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिए हैं। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के अनुसार, आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

### स्टेज डांसर के साथ सामूहिक दुष्कर्म, पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत तीन को दबोचा

**बीएनएम @ पटना/आरा**। भोजपुरः भोजपुर जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है, जहां 19 वर्षीय एक डांसर के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। रोजगार की तलाश में उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से भोजपुर आई इस पीड़िता के साथ उस समय दरिंदगी हुई, जब वह एक कार्यक्रम खत्म कर घर लौट रही थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी ऑर्केस्ट्रा संचालक और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।पीड़िता शनिवार रात एक स्टेज प्रोग्राम में प्रस्तुति देने के बाद अपने किराये के मकान पर लौटने की कोशिश कर रही थी। देर होने के कारण उसने सुरक्षित घर पहुँचने के लिए ऑर्केस्ट्रा संचालक से मदद मांगी। आरोपी संचालक ने उसे घर छोड़ने का भरोसा दिया, लेकिन रास्ते में एक सुनसान जगह पर ले जाकर अपने दो साथियों के साथ मिलकर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया।पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने उसे जबरन शराब पिलाई और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की। विवाहित पीड़िता की दो वर्ष की एक बेटी है और वह अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उठाने के लिए बिहार आई थी। घटना के बाद किसी तरह चंगुल से छूटकर उसने अपने पति को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई।करनामपुर थाना पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है

# एमडीए अभियान में कम्युनिटी रेडियो बनी भरोसे की आवाज़

बीएनएम @ मोतिहारी

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से राज्य के 34 जिलों में चल रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान को ज़मीनी मजबूती देने में कम्युनिटी रेडियो ने अहम भूमिका निभाई है। घर-घर जाकर दवा सेवन सुनिश्चित कराने के इस अभियान में समुदाय का भरोसा सबसे बड़ी कड़ी साबित हुआ, जिसे मजबूत करने का कार्य रेडियो स्टेशनों ने बखूबी निभाया। स्मार्ट संस्था के सहयोग से रेडियो स्टेशनों ने केवल जागरूकता प्रसारण तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि गांवों में कैंप, बैठकें और संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। प्रत्येक स्टेशन ने लगभग 10 गांवों को चिन्हित कर शत-प्रतिशत दवा सेवन का लक्ष्य तय किया और डोर-टू-डोर संपर्क, नैरो-कास्टिंग तथा नाइट ब्लड सर्वे जैसे अभियानों में सहयोग दिया। जहां दवा को लेकर झिझक या भ्रम था, वहां रेडियो कर्मियों ने स्वयं दवा खाकर लोगों का विश्वास जीता। स्थानीय भाषा में सरल उदाहरणों के साथ फाइलेरिया और एमडीए की जानकारी दी गई, जिससे अफवाहों पर रोक लगी। स्वास्थ्य अधिकारियों, फाइलेरिया विशेषज्ञों,



जिला मलेरिया पदाधिकारियों, आशा और आंगनवाड़ी कर्मियों के साक्षात्कार ने संदेश को विश्वसनीय बनाया। सवाल-जवाब आधारित कार्यक्रमों में दवाओं के संभावित दुष्प्रभावों और मिथकों पर खुलकर चर्चा की गई। साथ ही, उन लोगों की प्रेरक कहानियां भी साझा की गईं जिन्होंने पहले दवा से इनकार किया था लेकिन बाद में समझकर सेवन किया। कम्युनिटी रेडियो की इस पहल ने एमडीए अभियान को सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ाकर जन-आंदोलन का रूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# भीलवाड़ा पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट में हरसिद्धि के चार युवकों की मौत

बीएनएम @ हरसिद्धि

भीलवाड़ा में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में मरने वालों में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के चार युवक शामिल बताए जा रहे हैं। हादसे की खबर मिलते ही पूरे इलाके में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार हरसिद्धि थाना क्षेत्र की मटियरिया पंचायत निवासी अभिषेक कुमार (पिता– राजेंद्र सिंह), श्याम कुमार (पिता– राजदेव राम) और अमरेश कुमार (पिता– कृष्णा राम) की इस हादसे में मौत हो गई। वहीं मुरारपुर पंचायत के रवि कुमार का भी नाम मृतकों में शामिल बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सभी युवक रोजगार की तलाश में राजस्थान गए थे और पटाखा फैक्ट्री में कार्यरत थे। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया। अंचलाधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि प्रशासन मृतकों के परिजनों से संपर्क में है और सरकारी स्तर पर



मिलने वाली सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि "यह घटना अत्यंत दुखद है। प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।" गांवों में सूचना पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने मृतकों के आश्रितों को मुआवजा और सरकारी सहायता देने की मांग की है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर रोज़गार के लिए बाहर काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा और औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों के पालन की आवश्यकता को सामने ला दिया है।

# श्रम अधिकार दिवस पर ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर-सह-कार्यशाला आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी

राजेंद्र भवन सभागार में सोमवार को श्रम अधिकार दिवस के अवसर पर एक दिवसीय ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के निर्देश पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न प्रखंडों से आए श्रमिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), पूर्वी चंपारण तथा डॉ आशुतोष शरण उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक पूर्वी चंपारण रमाकांत ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं पुष्प देकर सम्मानित किया, जबकि श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चिरैया संतोष कुमार ने डॉ. आशुतोष शरण का स्वागत किया। प्रशिक्षण सत्र में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मेहसी रविरंजन कुमार ने न्यूनतम मजदूरी और बकाया मजदूरी से संबंधित जानकारी दी। रक्सौल के हरिओम कुमार ने बाल श्रम कानूनों पर प्रकाश डाला, जबकि घोड़ासहन के रोहित कुमार ने बिहार शताब्दी एवं प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना 2008 की जानकारी दी। बनकटवा के आलोक प्रकाश ने बिहार भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं और वस्त्र सहायता राशि के बारे में बताया। पकड़ीदयाल के अमर ज्योति ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की





जानकारी दी, जबकि हरसिद्धि के मासूम राजा ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान बाल श्रम से मुक्त कराए गए दो बच्चों—नेहाल खान और अब्बू जहाज खान—को 25-25 हजार रुपये के डमी चेक और पुस्तकालय बैग देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बिहार भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों को भी चेक प्रदान किए गए। अंत में सुगौली के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। यह कार्यशाला श्रमिकों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उन्हें सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

# दो चोरी की घटनाओं का खुलासा, शातिर चोर कुणाल सिंह गिरफ्तार

बीएनएम @ पहाड़पुर

थाना क्षेत्र में सक्रिय चोरों के विरुद्ध पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष अजय कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग कांडों का उद्भेदन किया है। पुलिस ने पहाड़पुर थाना कांड संख्या 95/26, जो एक स्कूल में हुई चोरी से संबंधित है, और कांड संख्या 96/26, जो एक साइकिल दुकान में हुई चोरी से जुड़ा है, इन दोनों मामलों में संलिप्त मुख्य अभियुक्त को दबोच लिया है। पकड़ा गया आरोपी कुणाल सिंह है, जो पहाड़पुर ग्राम का रहने वाला है और नारद सिंह का पुत्र बताया जा रहा है। पुलिस की छापेमारी के दौरान अभियुक्त के पास से चोरी किए गए सभी सामानों को बरामद कर लिया गया है, जो पुलिस के लिए एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। इस सफल उद्भेदन और गिरफ्तारी अभियान में सब-इंस्पेक्टर (एस. आई) विवेक कुमार ने भी महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी कुणाल सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अपराध और चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जिला मध्यस्थता केंद्र में "राष्ट्र के नाम मध्यस्थता 2.0" कार्यक्रम आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकार मोतीहारी के तत्वावधान में सोमवार (16 फरवरी 2026) को "राष्ट्र के नाम मध्यस्थता 2.0" कार्यक्रम के तहत जिला मध्यस्थता केंद्र, मोतिहारी में विशेष मध्यस्थता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास (स्वयं प्रशिक्षित मध्यस्थ) कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर मध्यस्थता की कार्यवाही का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वादकारियों को मध्यस्थता के महत्व और इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आपसी सहमति से विवादों का समाधान कम



समय और कम खर्च में संभव है, जिससे सामाजिक सौहार्द भी बना रहता है। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पुनीत कुमार तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी तथा मध्यस्थ रमाकांत पांडेय और ऋषि राज की उपस्थिति रही। सभी ने मध्यस्थता प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को मध्यस्थता के प्रति जागरूक करना तथा न्यायालय में लंबित मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निस्तारण को बढ़ावा देना है।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजनाः महिलाओं को मिली आर्थिक सहायता, मोतिहारी में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

बीएनएम @ मोतिहारी

राजेंद्र भवन में सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में जीविका समूह से जुड़ी महिलाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों की एक महिला को स्वरोजगार के लिए 10,000 रुपये की प्रथम किस्त डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। इस अवसर पर पूरे बिहार में 25 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 2500 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया। योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रारंभिक सहायता के रूप में 10,000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही



भविष्य में व्यवसाय के विस्तार के लिए 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता का प्रावधान भी रखा गया है। पूर्वी चंपारण जिले में अब तक इस योजना के अंतर्गत 7,29,163 महिलाओं को 729.16 करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जिले की 1,73,739 महिलाओं के खाते में 173.7 करोड़ रुपये भेजे गए। इस प्रकार जिले में अब तक कुल 9,02,902 महिलाओं को योजना का लाभ मिल चुका है। राशि मिलने के बाद जीविका समूहों से जुड़ी महिलाओं और उनके परिवारों में उत्साह का माहौल देखा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 30 कार्टन अंग्रेजी शराब जब्त, चालक गिरफ्तार



**बीएनएम @ बगहाः** बगहा उत्पाद विभाग की टीम ने रविवार रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए धनहा उत्पाद चेकपोस्ट से उत्तर प्रदेश से आ रहे एक 10 चक्का ट्रक (BR06G 5652) को जब्त किया। सघन तलाशी के दौरान ट्रक के भीतर छुपाकर रखे गए 30 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद हुए, जिसकी कुल मात्रा 269 लीटर है।उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि गौतम बुद्ध सेतु के पिलर नंबर 42 के समीप नियमित जांच के दौरान इस खेप को पकड़ा गया। मौके से ट्रक चालक सह तस्कर सुकट कुमार उर्फ अरविंद कुमार (निवासीः चौबरिया, चौतरवा) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शराब और ट्रक को कब्जे में ले लिया है। आरोपी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### अवैध कीमती लकड़ी से लदी ट्रेलर जब्त



**बीएनएम @ बगहाः** बगहा नगर थाना क्षेत्र के कुम्हिया रेलवे ढाला के पास वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध लकड़ी से लदी एक ट्रेलर जब्त की है। इस कार्रवाई का नेतृत्व बगहा रेंजर श्रीमान मालाकार ने किया, जिसमें वनपाल अंजू देवी और नगर थाना की पुलिस टीम शामिल थी। जब्त सामग्री में सागवान के 6 पीस और अन्य कीमती लकड़ी की 8 गुल्लियां बरामद हुई हैं।रेंजर ने बताया कि तस्कर ट्रैक्टर-ट्रेलर के जरिए अवैध परिवहन कर रहे थे। छापेमारी दल को देखते ही तस्कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने ट्रेलर और उस पर लदी लकड़ियों को कब्जे में ले लिया। फिलहाल जब्त सामान को वन कार्यालय परिसर में सुरक्षित रख दिया गया है और दोषियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### सर्टिफिकेट केस का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें : डीएम

**बड़े बकायेदारों पर सख्ती, बैंकों पर कार्रवाई के निर्देश**

**बीएनएम @,बेतियाः** समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय समीक्षा बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने सरकारी बकाये की वसूली और नीलाम पत्र वाद (सर्टिफिकेट केस) के निष्पादन को लेकर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाएं और बड़े डिफॉल्टरों के विरुद्ध विधिसम्मत तरीके से कुर्की या नीलामी की प्रक्रिया शुरू करें।उद्योग विभाग की समीक्षा करते हुए डीएम ने जिला उद्योग केंद्र को लंबित आवेदनों के लिए बैंकों की जवाबदेही तय करने और दोषी बैंकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना को जन-जन तक पहुँचाने हेतु पंचायत स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करने तथा उद्यमियों को निर्बाध बिजली हेतु डेडिकेटेड फीडर उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया गया।

### सात निश्चय-3 के तहत डीएम की जनसुनवाई



**बीएनएम @ बेतिया।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम के अंतर्गत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के संकल्प को दोहराते हुए जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने समाहरणालय में जनसुनवाई आयोजित की। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं को सीधे डीएम के समक्ष रखा। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली, सड़क और राशन कार्ड जैसे गंभीर विषयों से संबंधित कुल 40 मामलों की गहन समीक्षा की गई।डीएम ने दिलशाद आलम, शंभू यादव और उर्मिला देवी सहित सभी फरियादियों की शिकायतों को संवेदनशीलता से सुना और उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रभावी निष्पादन के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि 'सेवा-संवाद-समाधान' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम कर त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर डीडीसी काजले वैभव नितिन और अपर समाहर्ता सहित जिले के तमाम वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की।

### स्वस्थ रहने के साथ टीमवर्क और अनुशासन भी सिखाता है खेल- डॉ. चन्दन यादव



**बीएनएम @ गयाजी।** गया जिले के गुरुआ विधानसभा अंतर्गत कोलॉना खेल मैदान में 'अखिल भारत अब्दुल कय्यूम अंसारी मंच' द्वारा आयोजित अखोरीखाप क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन मुख्य अतिथि रालोमो (राष्ट्रीय लोक मोर्चा) के युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चन्दन यादव ने फीता काटकर किया। इस रोमांचक प्रतियोगिता के फाइनल में अनेक कड़े मुकाबलों के बाद कोलॉना और हेमज़ापुर की टीमें पहुँचीं। मैच बेहद संघर्षपूर्ण रहा और अंततः सुपर ओवर के माध्यम से हेमज़ापुर ने शानदार जीत दर्ज की। डॉ. चन्दन यादव ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड, मेडल और प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारे भीतर अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे गुणों को विकसित करता है। उन्होंने खेल को राष्ट्रीय एकता का जीवंत उदाहरण बताते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य आयोजक अरशद रेहान, आरिफ़ खान, अहसान खान और ज़फर खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर चितरंजन मेहता, मुकेश कुमार, राकेश यादव सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी और समाजसेवी उपस्थित रहे।

### वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**बीएनएम @ गयाजी।** हावड़ा-नई दिल्ली ग्रैंडकॉर्ड रेलखंड पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें टाटा-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। घटना गया-कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर स्टेशन की है। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है, जिसकी फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब टाटानगर से गया की ओर आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस पहाड़पुर स्टेशन से थ्रू पास (तेज रफ्तार में गुजरना) कर रही थी। उसी दौरान उक्त व्यक्ति डाउन लाइन पार कर दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने की कोशिश कर रहा था। ट्रेन की अत्यधिक गति होने के कारण वह संभल नहीं पाया और उसकी चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।हादसे के बाद आरपीएफ और स्टेशन मास्टर की सूचना पर गया रेल थाना की पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गया भेज दिया है। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं होने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को सुरक्षित रखवा दिया है और आसपास के क्षेत्रों में पहचान के लिए सूचना भेज दी गई है। रेल पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**बीएनएम @ पहाड़पुर**




बिहार में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पहाड़पुर थाना पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध शराब की एक बड़ी खेप बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस मुस्तैदी से क्षेत्र के शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के रास्ते शराब की तस्करी की जा रही है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने चिन्हित स्थान पर घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से '8 PM' ब्रांड की कुल 35 पीस विदेशी शराब जब्त की है। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पकड़े गए शराब तस्कर की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के ग्राम तेलिया निवासी रामानंद यादव, पिता गणेश यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उसके विरुद्ध मद्यनिषेध कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की। आवश्यक कागजी कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और भविष्य में भी इस तरह की छापेमारी जारी रहेगी ताकि नशामुक्त समाज का निर्माण हो सके।

## बर्खास्त सिपाही पर फर्जी कागजात से नौकरी और वेतन लेने का आरोप

**बीएनएम @ पटना / नवादा**

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के एक पुराने मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। दिनांक 15 फरवरी 2026 को माननीय न्यायाधीश, निगरानी, पटना द्वारा निर्गत अजमानतीय वारंट के निष्पादन में अभियुक्त विनोद कुमार यादव उर्फ जागेश्वर यादव उर्फ जागो यादव को नवादा जिले से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त, स्वर्गीय बाढ़ो यादव के पुत्र विनोद कुमार यादव, ग्राम गंगटा, थाना नरहट, जिला नवादा के निवासी हैं। वे बिहार सैन्य पुलिस डिहरी-2, जिला रोहतास में सिपाही संख्या-323 के पद पर कार्यरत थे, जिन्हें बाद में बर्खास्त कर दिया गया था। निगरानी थाना कांड संख्या-53/2009 में दर्ज मामले के अनुसार अभियुक्त ने अन्य लोक सेवकों और गैर-लोक सेवकों के साथ मिलकर जाली दस्तावेज तैयार किए। आरोप है कि इन फर्जी कागजात के आधार पर उन्होंने अवैध रूप से पुनः सेवा प्राप्त कर ली और अनुचित तरीके से वेतन का भुगतान लिया। मामले के उजागर होने के बाद अभियुक्तों ने मिलीभगत से संबंधित मूल संचिका को भी गायब कर दिया। अनुसंधान पूरा होने के बाद विनोद कुमार यादव के विरुद्ध 11 जून 2024 को आरोप-पत्र न्यायालय में समर्पित किया गया। माननीय न्यायालय ने 9 अगस्त 2024 को मामले में संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की उपस्थिति के लिए समन और जमानतीय वारंट जारी किया था। न्यायालय में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उनके विरुद्ध अजमानतीय वारंट जारी किया गया। प्रारंभिक कार्रवाई के दौरान अभियुक्त फरार पाया गया था। बाद में नवादा जिला पुलिस के विशेष प्रयास से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार (16 फरवरी 2026) को निगरानी थाना, पटना द्वारा अभियुक्त को विशेष न्यायालय, निगरानी, पटना में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पटना की सड़कों पर उतरेंगे 50 अत्याधुनिक 'ग्रीन बस स्टॉप', स्मार्ट सुविधाओं से लैस होगी राजधानी

# अब धूप और बारिश में नहीं करना होगा बस का इंतजार

**14 प्रमुख सड़कों पर बनेंगे 50 अत्याधुनिक 'ग्रीन बस स्टॉप**

**बीएनएम @ पटना**




बिहार की राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में प्रशासन ने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। शहर की 14 प्रमुख सड़कों पर 50 अत्याधुनिक 'ग्रीन बस स्टॉप' के निर्माण की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को धूप, बारिश और धूल से निजात दिलाकर एक सुरक्षित और आरामदायक प्रतीक्षा स्थल प्रदान करना है।

**राज्यव्यापी विस्तार की योजना –** अधिकारियों के अनुसार, यह योजना अभी पहले चरण में पटना में शुरू की जा रही है। इसकी सफलता के बाद इसे राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में भी विस्तारित किया जाएगा, जिसके तहत कुल 500 ग्रीन बस स्टॉप बनाने का लक्ष्य रखा गया है।यह पहल बिहार सरकार की हरित परिवहन नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार पहले ही डीजल बसों को हटाकर सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा दे रही है। इस आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण से सार्वजनिक परिवहन के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ेगा, जिससे न केवल शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा, बल्कि वायु प्रदूषण के स्तर में भी सुधार आएगा।

### पर्यावरण और तकनीक का अनूठा संगम

ये बस स्टॉप 'ग्रीन डिजाइन' पर आधारित होंगे, जिनमें ऊर्जा की जरूरतें पूरी करने के लिए सोलर पैनल लगाए जाएंगे। सबसे खास बात यह है कि यात्रियों को अब बसों के समय के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। रेलवे स्टेशनों की तर्ज पर यहाँ डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और ऑडियो अनाउंसमेंट सिस्टम की सुविधा होगी, जो रीयल-टाइम में बसों के आगमन और प्रस्थान की जानकारी देंगे।

## आपसी समन्वय से तोड़ें ड्रग्स तस्करी का नेटवर्कः एसपी



**बीएनएम @बेतिया**

मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री और सेवन पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में NCORD जिलास्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिलाधिकारी तरनजोत सिंह, बेतिया एसएसपी डॉ. शौर्य सुमन और बगहा एसपी रामानंद कुमार कौशल ने की। बैठक में प्रशासन, पुलिस और एसएसबी के वरीय पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नशे के विरुद्ध लड़ाई में सभी विभाग आपसी समन्वय बनाए रखें। उन्होंने जीविका, कृषि और उत्पाद विभाग को निर्देश दिया कि वे अपना आसूचना तंत्र (Intelligence) मजबूत करें और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस से साझा करें। साथ ही, जन-जागरूकता के लिए होर्डिंग, सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया गया।एसएसपी डॉ. शौर्य सुमन ने स्कूल-कॉलेजों में युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता जताई, जबकि बगहा एसपी ने चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सघन छापेमारी और नाका चेकिंग तेज करने की बात कही। एसएसबी ने भी सीमावर्ती क्षेत्रों में अभियान जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## गया की 6.89 लाख महिलाओं के सपनों को लगे पंख

**गया समाहरणालय में गूंजा आत्मनिर्भरता का संकल्प**

**बीएनएम @ गयाजी**



गया जिले के समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और जीविका के डीपीएम आचार्य मम्मट सहित बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने भाग लिया। गया जिले में अब तक कुल 6,89,528 महिलाओं के खातों में राशि भेजी जा चुकी है, जिसमें आज अकेले 69,402 दीदियों को लाभ मिला।योजना की संरचना अत्यंत प्रभावी है। 10,000 रुपये की प्रारंभिक राशि के बाद, व्यवसायों की जांच के उपरांत पात्र दीदियों को चार चरणों में दो लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। सरकार द्वारा कुल 2.10 लाख रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि लाभुक स्वयं 35,000 रुपये का अंशदान करेंगी। इस प्रकार कुल 2,45,000 रुपये की कार्यशील पूँजी से महिलाएँ अपना उद्यम बढ़ा सकेंगी।डीपीएम आचार्य मम्मट ने बताया कि इस वित्तीय सहायता का उपयोग महिलाएँ फल-सब्जी, किराना, श्रृंगार, सिलाई और नाश्ता दुकान जैसे पारंपरिक कार्यों के साथ-साथ पशुपालन और उन्नत खेती में कर रही हैं। यह योजना न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रही है।जिले के सभी प्रखंडों में पिको प्रोजेक्टरों के माध्यम से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, जिसे लेकर महिलाओं में भारी उत्साह दिखा। जीविका दीदियों ने इस दूरदर्शी पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र गयाजी की गरिमा से खिलवाड़ मंजूर नहींः डॉ. प्रेम कुमार

**गयाजी में स्वच्छता के लिए अगले माह से चलेगा "ग्रीन गया, क्लीन गया" महाअभियान**

**बीएनएम @ गयाजी**



बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जिला अतिथि गृह में नगर आयुक्त एवं नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ शहर की स्वच्छता और विकास योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने शहर के विभिन्न स्थानों पर बढ़ते कूड़े के ढेर पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गयाजी का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है, ऐसे में स्वच्छता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।डॉ. कुमार ने घोषणा की कि अगले माह से पूरे शहर में "ग्रीन गया, क्लीन गया" महाअभियान शुरू किया जाएगा। इसमें सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक संगठनों और एनजीओ की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिया कि नियमित मॉनिटरिंग और कूड़ा उठाव की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए।यातायात को सुगम बनाने के लिए उन्होंने पार्किंग स्थलों के शीघ्र चिन्हांकन का निर्देश दिया। सड़कों और गलियों में पशुओं के विचरण तथा अवैध रूप से पशु बांधने से होने वाली परेशानी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने इस पर रोक लगाने को कहा।आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने पात्र लाभुकों को लाभ दिलाने, अपात्रों को हटाने और निर्मित आवासों पर योजना का लोगो लगाने का निर्देश दिया। शहर की स्ट्रीट लाइट और तिरंगा लाइट को दुरुस्त करने के साथ-साथ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।नागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम में नक्शा एवं कागजातों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और महिला रोजगार आवेदनों की शीघ्र जांच का निर्देश दिया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर ठोस प्रगति दिखाने का अल्टीमेटम दिया है और कहा कि वे स्वयं शहर का निरीक्षण कर समीक्षा करेंगे।

पुराने सचिवालय से शुरू हुआ गृह विभाग का नया अध्याय, गृहमंत्री सम्राट चौधरी का एक्शन मोड

# बिहार को सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : सम्राट चौधरी

**अपराध होने के बाद नहीं, बल्कि उसे होने से पहले ही रोकने पर बल**

**बीएनएम @ पटना**



उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने पुराने सचिवालय स्थित गृह विभाग के नए कार्यालय से औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने अपने कड़े तेवरों से साफ कर दिया है कि बिहार में अब कानून का शासन और अधिक सख्त होगा। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें राज्य की वर्तमान कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

**अपराधियों और माफियाओं को सख्त चेतावनी –** बैठक के दौरान गृहमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राज्य में संगठित अपराध, भू-माफिया और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग व्यवस्था को आधुनिक बनाया जाए और खुफिया तंत्र को इतना सक्रिय किया जाए कि अपराध होने से पहले ही उसे रोका जा सके।

**तकनीकी निगरानी और सुशासन पर जोर–** सम्राट चौधरी ने सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से मजबूत करने और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'सुशासन मॉडल' को और सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि बिहार को अपराध मुक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**पुलिस बल को मिली कार्य करने की स्वतंत्रता–** गृहमंत्री ने पुलिस महानिरीक्षक (IG) और पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) स्तर के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस बल को आवश्यक संसाधन और कार्रवाई की पूरी स्वतंत्रता दी जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी और ट्रैफिक प्रबंधन को भी प्राथमिकता सूची में रखा गया है। इस बैठक ने स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले दिनों में बिहार पुलिस अपराधियों के खिलाफ और अधिक आक्रामक और त्वरित कार्रवाई की मुद्रा में नजर आएगी।

## मिथिला कराटे डेवलपमेंट काउंसिल का गठन, मुकेश मिश्रा बने चेयरमैन



**बीएनएम @ पटना**

पटना में आयोजित स्टेट कराटे एसोसिएशन ऑफ बिहार की वार्षिक आम बैठक में खेल के विस्तार और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु कई अहम निर्णय लिए गए। अध्यक्ष अभय कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में तय किया गया कि आगामी 25 और 26 अप्रैल 2026 को राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। संघ ने सभी जिला इकाइयों को प्रतियोगिता से पूर्व जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है।बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने का प्रस्ताव पारित हुआ। साथ ही, मिथिलांचल क्षेत्र में कराटे को बढ़ावा देने के लिए "मिथिला कराटे डेवलपमेंट काउंसिल" के गठन को मंजूरी दी गई, जिसका चेयरमैन वरीय प्रशिक्षक मुकेश मिश्रा को नियुक्त किया गया है। यह काउंसिल ग्रामीण क्षेत्रों तक कराटे का प्रशिक्षण पहुँचाने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेगी।

# ताकाइची का वादा

प्रधानमंत्री साने ताकाइची इसे पसंद करती हैं कि उनकी तुलना ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर से की जाए। जिस तरह थैचर ने ब्रिटेन की दिशा बदल दी थी, कुछ वैसा ही करने का वादा ताकाइची ने किया है। लंबे समय बाद जापान में किसी नेता को दो तिहाई बहुमत मिला है। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को ऐसी कामयाबी चार महीने पहले प्रधानमंत्री बनीं साने ताकाइची ने दिलाई। दरअसल, जितनी बड़ी जीत एलडीपी को इस बार मिली, उतना गुजरे 70 वर्षों में कभी नहीं हुआ। जापान में 1955 में नया संविधान लागू होने के बाद से एलडीपी 66 वर्ष सत्ता में रही है। सिर्फ दो बार ऐसे मौके आए, जब वह दो-दो वर्ष के लिए सत्ता से बाहर हुई। मगर पिछले डेढ़ दशक में पार्टी की लोकप्रियता लगातार गिरी थी। आर्थिक गतिरुद्धता, बढ़ती सामाजिक समस्याओं, और धुर दक्षिणपंथ के उदय के कारण हालिया चुनावों में उसे पूर्ण बहुमत से वंचित रहना पड़ा। इसीलिए रविवार को हुए चुनाव में उसे मिली बड़ी जीत ने दुनिया का ध्यान खींचा है। इससे ये बात पुष्ट हुई है कि उदारवाद और राष्ट्रवाद का उग्र एजेंडा पेश कर जापान के मतदाताओं में उत्साह पैदा करने में ताकाइची सफल रहीं। ताकाइची इसे पसंद करती हैं कि उनकी तुलना ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर से की जाए। जिस तरह थैचर ने ब्रिटेन की दिशा बदल दी थी, कुछ वैसा ही करने का वादा ताकाइची ने किया है। प्रधानमंत्री बनते ही ताइवान के सवाल पर उग्र बयान देकर चीन से टकराव बढ़ाते हुए उन्होंने देश में राष्ट्रवादी भावनाएं फैलाईं। इसे आगे बढ़ाते हुए उन्होंने सैन्य खर्च बढ़ाने का वादा किया। साथ ही जापान को परमाणु हथियार संपन्न देश बनाने के संकेत भी उन्होंने दिए। उधर आर्थिक मोर्चे पर हर तरह के टैक्स में कटौती का वादा किया। इसमें आय कर से लेकर उपभोग कर तक शामिल हैं। कहा कि यह सब बजट घाटा बढ़ाते हुए किया जाएगा। जहां लोग अर्थव्यवस्था की घटती गई प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, घटती उत्पादकता, गिरते जीवन स्तर, और बढ़ती गैर-बराबरी से वर्षों से परेशान हों, वहां इस तरह के वादों ने जादुई असर किया, तो उसे समझा जा सकता है। वैसे विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि रक्षा खर्च को छोड़ दें, तो बाकी वादों को पूरा करना आसान नहीं होगा। लेकिन ये बाद की बात है। फिलहाल, तो ताकाइची की लहर चली है।

# देश में घटते मेलजोल के बीच भाईचारे का परचम थामे मोहम्मद दीपक


**राम पुनियानी**

भारत विविधताओं का देश है। यहां चकित कर देने वाली धार्मिक विविधताएं हैं। अंग्रेजों ने भारत की हिन्दू और मुस्लिम पहचानों का इस्तेमाल कर 'फूट डालो और राज करो' की अपनी नीति के बीज बोए। उन्होंने बार-बार अतीत की बातों को दुहराकर नफरत को हवा दी, जिसके आधार पर आगे चलकर मुस्लिम लीग और हिन्दू महासभा-आरएसएस ने इतिहास का अपना-अपना नजरिया पेश किया। इसके नतीजे में हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच सौहार्द कम होता गया और घृणा बढ़ती गई। इस घृणा के चलते देश के विभाजन के पहले जबरदस्त हिंसा हुई। माउंटबेटन द्वारा तैयार किए गए देश के विभाजन की योजना को स्वीकार करने की एक बड़ी वजह यह हिंसा भी थी। अमन के फरिश्ते राष्ट्रपिता को 'मुस्लिम परस्त' होने के आरोप में अपनी छाती पर तीन गोलियां झेलनी पड़ीं। विभाजन के बाद पाकिस्तान में मुस्लिम साम्प्रदायिकता ने जोर पकड़ा जिससे वहां लोकतंत्र के फलने-फूलने की संभावना समाप्त हो गई। सामाजिक और आर्थिक विकास पर इसका गंभीर दुष्प्रभाव हुआ और पाकिस्तान के प्रगति, शांति और भाईचारे पर आधारित आधुनिक राष्ट्र बनने की संभावना बहुत कम हो गई। भारत में धर्मनिरपेक्ष नेतृत्व था जिसके मुखिया जवाहरलाल नेहरू थे और उन्होंने एक ऐसे देश की नींव डाली जो आज से कुछ दशक पहले तक धर्मनिरपेक्ष और प्रगतिशील राष्ट्र था। आजादी के बाद काफी लम्बे समय तक हमने अपने मूल्यों को कायम रखा और उन्नति भी की। लेकिन पिछले कुछ दशकों में साम्प्रदायिक शक्तियां बहुत शक्तिशाली हो गईं और उन्होंने आजादी के शुरुआती चार-पांच दशकों की उपलब्धियों पर पानी फेर दिया। अमन-चैन ख़त्म हो गया। अपनी ताकत और समाज में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए उनके पास केवल एक हथियार - मुसलमानों के खिलाफ नफरत पैदा करना। एक सच्चा लोकतंत्र बनने की राह पर चल रहे भारत को साम्प्रदायिक राष्ट्रवादी देश में बदलने के उनके अभियान के भाग बतौर उन्होंने मुख्यतः मुसलमानों और साथ ही ईसाईयों के खिलाफ नई-नयी बातें गढ़ना शुरू कर दीं। अब हालात काफी निराशाजनक हो चुके हैं। समाज में मुसलमानों के खिलाफ नफरत का माहौल बन गया है जो हर बीतते दिन के साथ और गंभीर होता जा रहा है। हिन्दू साम्प्रदायिक तत्वों ने देश में ऐसे हालात बना दिए हैं कि मुसलमानों का सारे समाज से कटकर अपने अलग मोहल्लों में रहना आम बात हो गई है। शाकाहार पर जोर दिया जा रहा है और लव जिहाद, लैंड जिहाद, कोरोना जिहाद आदि आम बोलचाल के शब्द बन गए हैं। शीर्ष नेतृत्व से लेकर मैदानी कार्यकर्ता तक इस घृणा के जरिए हिंसा फैलाते हैं जिसके नतीजे में समाज का ध्रुवीकरण होता जा रहा है। शीर्ष नेतृत्व बंटेंगे तो कटेंगे, एक हैं तो सेफ हैं, उन्हें उनके कपड़ों से पहचाना जा सकता है, उनकी संख्या खरगोशों की तरह बढ़ रही है, हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे, हिन्दू खतरे में हैं, आदि और इसके जैसे बहुत से अन्य नारे उछालता रहता है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा, जो पहले कांग्रेस में थे और पिछले कुछ सालों से भाजपा में हैं, ने मियांओं (बांग्लाभाषी मुसलमानों) के खिलाफ इतनी नफरत-भरे वक्तव्य दिए हैं जैसे पहले कभी नहीं सुने गए थे। गत 27 जनवरी (2026) को उन्होंने कहा एसआईआर के ज़रिये चार से पांच लाख मियांओं के नाम मतदाता सूचियों से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वोट चोरी का मतलब है हम कुछ मियां वोटों को चुराने की कोशिश कर रहे हैं और यह भी कि आदर्श स्थिति तो यह होगी कि उन्हें असम में मतदान न करने दिया जाए और वे बांग्लादेश में वोट दें। समाचार माध्यमों की खबरों के मुताबिक सरमा ने जनता को खुलेआम भड़काते हुए कहा उन्हें जिस भी तरह से परेशान किया जा सकता है, किया जाना चाहिए। अगर रिक्शे का किराया 5 रू। हो तो उन्हें 4 रू। दो। जब उनके लिए असम में रहना कष्टप्रद होगा तभी वे असम छोड़कर जाएंगे। ये सब कहने के बाद उन्होंने सबसे घृणित कार्य करते हुए एक वीडियो ट्वीट किया जिसमें यह दिखाया गया था कि वे राईफल से गोलियां दाग रहे हैं और गोलियां उनसे थोड़ी सी दूरी पर खड़े गोल टोपी पहने एक आदमी और एक लड़के को लग रही हैं। हालांकि अब इस ट्वीट को डिलीट कर दिया गया है। यह सब देखने के बाद प्रख्यात मानवाधिकार कार्यकर्ता और लेखक हर्ष मंदर ने असम निवासी बांग्लाभाषी मुसलमानों के प्रति नफरत, प्रताड़ना और भेदभाव बढ़ाने के उद्धेश्य से नफरत फैलाने वाली करने के लिए उनके खिलाफ न्यायालय में एक याचिका दायर की। याचिका में उन्होंने असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ त्वरित कार्यवाही और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की सम्बंधित धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया। इसकी प्रतिक्रिया में सरमा ने कहा कि वे एनआरसी के दौरान हर्षमंदर द्वारा मुसलमानों की मदद किए जाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अनेक एफआईआर दर्ज करवाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें जेल भेजा जाए।

सवाल उठता है कि हमारे देश में सदियों से कायम सामंजस्यपूर्ण संस्कृति कहां गई जिसमें असम के अजान पीर और शंकर देव सद्भाव की बात करते थे और असम में ही रहते थे? खान-पान, साहित्य, वास्तुकला और धार्मिक उत्सवों आदि क्षेत्रों में हिंदुओं और मुसलमानों के एक दूसरे पर प्रभाव का क्या हुआ? वर्तमान हालातों को देखकर बहुत निराशा और मायूसी महसूस होती है। इस सबके बीच उत्तराखंड के कोटद्वार की घटना सामने आई है। वहां एक बुजुर्ग मुसलमान पिछले 30 साल से बाबा स्कूल ड्रेस नाम की दुकान चला रहे थे। बजरंग दल के कार्यकर्ता उसकी दुकान पर आ धमके और उससे कहा कि वह अपनी दुकान के नाम में बाबा शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकता क्योंकि उनके मुताबिक बाबा एक हिंदू शब्द है। यह सब देखकर दीपक कुमार नामक एक व्यक्ति ने हस्तक्षेप किया। जब दीपक बजरंग दल के आक्रामक कार्यकर्ताओं का सामना कर रहे थे, उस दौरान पुलिस मूक दर्शक बनी रही और बाद में पुलिस ने दीपक कुमार और उनके मित्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। बजरंग दल कार्यकर्ताओं के खिलाफ जो एफआईआर दायर की गई है उसमें आरोपियों के नाम अज्ञात बताये गए हैं। मगर इस सारे घटनाक्रमका सबसे उजला पक्ष यह है कि जब हमलावर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दीपक से उसका नाम पुछा तो उसने जवाब थाः मुहम्मद दीपक।

इस घटना से बहुत सी उम्मीदें जागती हैं। यह आशा जागती है कि हिन्दू राष्ट्रवाद के समर्थकों द्वारा पैदा किए गए नफरत के सैलाब में इंसानियत पूरी तरह नष्ट नहीं हुई है। दीपक हिन्दुओं और मुसलमानों के प्रगाढ़ रिश्तों का जीता-जागता उदाहरण हैं, जो पहले आम बात थी मगर आज अपवाद बन चुका है। इस अपवाद से यह साफ़ है कि अतीत में मेल-जोल का माहौल था। दीपक कुमार को सौ सलाम। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दीपक कुमार को बधाई देते हुए कहा कि, ''दीपक संविधान और इंसानियत की रक्षा की लड़ाई लड़ रहे हैं जिसे पैरों तले रोंदने का षड़यंत्र भाजपा और संघ परिवार प्रतिदिन करते हैं। वे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान का जीता-जागता प्रतीक हैं, जो सत्ताधारियों को कांटे की तरह सबसे ज्यादा चुभता है। संघ परिवार देश की अर्थव्यवस्था और समाज में जानबूझकर जहर फैला रहा है ताकि देश विभाजित रहे और गिने-चुने लोग भय की बैसाखी के सहारे राज करते रहें''।

# विशिष्ट को अपशिष्ट प्रमाणित करती एपस्टीन फ़ाइल्स



**तनवीर जाफ़री**

इनदिनों जेफरी एपस्टीन फ़ाइल्स के रहस्योद्घाटनों ने पूरी दुनिया में हलचल मचाकर रख दी है। पिछले दिनों अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा 30 लाख से भी अधिक पृष्ठों की नई फ़ाइल्स आने के बाद दुनिया के कई हाई-प्रोफ़ाइल लोगों के नाम उजागर हुये। अमेरिका का रहने वाला जेफ़री एपस्टीन व उसके माता-पिता यहूदी परिवार से थे। 20 जनवरी 1953 को ब्रुकलिन न्यूयॉर्क, में जन्मे एपस्टीन की मृत्यु 2019 में बड़े ही रहस्यमयी ढंग से जेल में हुई थी। हालांकि उसकी मौत को अधिकारिक रूप से आत्महत्या घोषित किया गया था। परन्तु चूँकि उसकी मौत के दिन जेल के कैमरे ख़राब पाये गये और गाड्र्स भी उस समय सोए हुये थे। इसलिए एपस्टीन की हत्या का भी संदेह व्यक्त किया जाता है। हत्या की थ्योरी इसलिये भी रची जा रही है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि एपस्टीन के पास दुनिया की स्वयंभू विशिष्ट हस्तियों की दरिन्दिगी व काले कारनामों के ऐसे सुबूत थे जो उनके चेहरों को बेनक़ाब कर सकते थे। जेफ़री एपस्टीन के पास फ़्लोरिडा , न्यू मैक्सिको, पेरिस और कैरिबियन के यू.एस. वर्जिन आइलैंड्स में प्राइवेट द्वीप जैसी कई संपत्तियां थीं। उस पर नाबालिग़ लड़कियों का यौन शोषण और तस्करी करने,नाबालिग़ लड़कियों से सेक्स करने,अपने विशिष्ट अतिथियों को सेक्स हेतु नाबालिग़ लड़कियां परोसने यहाँ तक कि सेक्स के बाद उनकी हत्या करने जैसे संगीन आरोप थे। अमीर यहूदी फ़ाइनेंसर एपस्टीन, सैकड़ों नाबालिग़ लड़कियों जिनमें अधिकांश 11 से 17 वर्ष आयु की होती थीं,को अपने घरों, प्राइवेट आइलैंड और प्राइवेट जेट पर लाकर उनका वहशी की तरह यौन शोषण किया करता था। वह लड़कियों को मसाज के बहाने बुलाता, पैसे देता, फिर उन्हें सेक्स के लिए मजबूर करता था। एपस्टीन को किशोरावस्था की शुरुआती उम्र वाली लड़कियों के साथ सैक्स करने में विशेष दिलचस्पी थी। उसने स्वयं यह स्वीकारोक्ति की थी कि उसे रोज़ाना कम से कम तीन बार सेक्स चाहिए और उसे युवा शरीर ही पसंद है। लड़कियों को ख़रीदना उसे गॉड जैसा एहसास दिलाता था। वह ग़रीब लड़कियों को पैसे, गिफ़्टस आदि देकर कंट्रोल किया करता था। उसकी पार्टनर घिस्लेन मैक्सवेल जोकि इस समय जेल में है वही एपस्टीन की हवस पूरी करने के लिये लड़कियों को भर्ती करती थी। ख़बरों के अनुसार घिस्लेन के पिता रॉबर्ट मैक्सवेल इस्राईली इंटेलिजेंस, मोसाद से जुड़े थे। और मोसाद के इशारे पर ही एपस्टीन दुनिया की प्रमुख हस्तियों को निशाना बनाकर हनीट्रैप रैकेट चलाता था। एपस्टीन की शिकार ज़्यादातर लड़कियां ग़रीब,मजबूर व कमज़ोर परिवारिक पृष्ठभूमि से होती थीं। इनमें कई पीड़िताएँ आज भी ज़िंदा हैं और कोर्ट में बयान दे चुकी हैं। एपस्टीन को 2008 में फ़्लोरिडा में दोषी क़रार दिया गया था। परन्तु कहा जाता है कि उसके धनबल की वजह से उसे उस समय कम सज़ा मिली। 2019 में सेक्स ट्रैफ़िकिंग के आरोप में उसे फिर गिरफ़्तार किया गया। अदालत में उसके विरुद्ध 100 से भी अधिक पीड़िताओं ने गवाही दी। इन्हीं दस्तावेज़ों व फ़ोटोज़ के आधार पर उसे इसी क्लासिक चाइल्ड सेक्स ट्रैफ़िकिंग के केस में फिर सज़ा सुनाई गयी। और 2019 में ही बड़े ही रहस्यमयी ढंग से जेल में उसकी मौत भी हो गयी। अब दुनिया में कोहराम इस बात को लेकर मचा हुआ है कि आख़िर इतने बड़े अपराधी तथा मानवता के दुश्मन दुश्चरित्र व्यक्ति के साथ दुनिया के स्वयंभू विशिष्ट लोगों के संबंध की वजह क्या थी ? आख़िर क्यों दुनिया के जाने माने लोग एपस्टीन के अलग अलग द्वीप पर जाया करते थे ? इस समय पूरी दुनिया को अपनी उंगलियों पर नचाने की कोशिश करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फ़्लाइट लॉग्स में 1990 के दशक में कई बार नाम आया। ब्लैक बुक में उनके नाम की प्रविष्टि पाई गयी। इसी तरह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन का भी कई फ़्लाइट्स में नाम आया और वे एपस्टीन की पार्टनर घिस्लेन मैक्सवेल के साथ कई फ़ोटो में भी नज़र आये। ब्रिटेन के पूर्व प्रिंस,प्रिंस एंड्रयू का नाम तो सबसे सबसे ज़्यादा विवादास्पद रहा। यौन शोषण के आरोप में एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों बार उनका नाम आया। इसी तरह इस्राईल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बाराक की एपस्टीन से नियमित मुलाक़ातें और संपर्क की चर्चा है। वहीं स्पेन के पूर्व प्रधानमंत्री जोस मारिया आजनार का नाम भी पैकेज और ट्रैवल रिकॉर्ड्स में कई बार आया है। ब्रिटेन के पूर्व मंत्री और राजदूत पीटर मंडेलसन, पूर्व न्यू मैक्सिको गवर्नर बिल रिचर्डसन, कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति एंड्रेस पास्त्राना अरंगो जैसे राजनेताओं के नाम भी एपस्टीन फ़ाइल्स में किसी न किसी रूप में शामिल हैं। उद्योग व फ़िल्म जगत की विश्वप्रसिद्ध हस्तियां भी एपस्टीन फ़ाइल्स से अछूती नहीं रहीं। एलन स्पेस एक्स के संस्थापक, सीईओ और मुख्य डिज़ाइनर,टेक बिलेनियर एलन मस्क,माइक्रोसॉफ़्ट को-फ़ाउंडर बिल गेट्स, वर्जिन ग्रुप के फ़ाउंडर रिचर्ड ब्रैनसन,पूर्व अमेरिकी ट्रेज़री सेक्रेटरी लैरी समर्स, फ़िल्म डायरेक्टर वुडी एलन,सिंगर माइकल जैक्सन, रोलिंग स्टोन्स के फ्रंटमैन मिक जैगर, तथा अभिनेता के विन स्पेसी जैसे अनेक लोगों के नाम किसी न किसी रूप में एपस्टीन फ़ाइल्स के रहस्योद्घाटनों में शामिल हैं। भारत में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, व्यवसायी अनिल अंबानी,भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, लेखक दीपक चोपड़ा, फ़िल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप, निर्देशक व अभिनेत्री नंदिता दास जैसे लोगों के नाम प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जेफ़री एपस्टीन फ़ाइल्स में पाए गए हैं। किसी के नाम फ़्लाइट्स लॉग्स में सामने आये तो किसी के लंबे समय तक एपस्टीन के संपर्क में रहने की बात सामने आयी। किसी के संदेशों और द्वीप भ्रमण करने का ज़िक्र आया तो किसे का एपस्टीन से पुराना सम्बन्ध निकला। एपस्टीन का किसी के साथ फ़्लाइट्स में नाम आया तो किसी का जेफ़री एपस्टीन के डिनर्स में शामिल होने पर नाम आया। कोई फ़ोटो में नज़र आया तो किसी को ई मेल भेजे व प्राप्त किये गये। एपस्टीन फ़ाइल्स का व्यापक प्रभाव यह हुआ की इसमें नाम आने के बाद ब्रिटेन के शाही परिवार के पूर्व प्रिंस एंड्रयू की सभी सैन्य उपाधियां छीन ली गईं। उन्हें सार्वजनिक पदों व कर्तव्यों से हटाया गया। इतना ही नहीं बल्कि बाद में उन्हें शाही आवास विंडसर कैसल से बाहर भी निकाल दिया गया। अब वे खुद को प्रिंस नहीं कह सकते। इसी तरह अनेक लोगों को अपने पदों से या तो इस्तीफ़ा देना पड़ा या पद छोड़ना पड़ा। ज़ाहिर है स्वयं को विशिष्ट बताने वाले व दुनिया की आँखों में धूल झोंककर स्वयं को सफ़ेदपोश साबित करने वाले मोसाद के जाल में फंस चुके लोग जेफ़री एपस्टीन जैसे दुर्दांत कुकर्मी से अपने संबंधों को छुपाने की कोशिश में तो ज़रूर लगे हैं।




**मेष राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है।

**मिथुन राशिः** आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, इससे नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, अन्यथा आपका विरोध हो सकता है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की सम्भावना है। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगो से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। नया बिजनेस स्टार्ट करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको जरूरी बातें पता चल सकती हैं। कुछ नए लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे।

# राष्ट्र का सुनहरा भविष्य युवाशक्ति, नवयुवकों का जागरण और कर्तव्यबोध

**कांतिलाल मांडोत**

भारत सदियों से संयम, त्याग और आध्यात्मिक चेतना की भूमि रहा है। यहाँ आत्मसंयम को ही वास्तविक शक्ति माना गया है और चरित्र को ही मनुष्य की सबसे बड़ी संपत्ति समझा गया है। यही कारण है कि इस देश ने समय-समय पर ऐसे महान आदर्श प्रस्तुत किए, जिन्होंने न केवल भारत बल्कि सम्पूर्ण विश्व को दिशा दी। भीष्म पितामह की आजीवन ब्रह्मचर्य प्रतिज्ञा हो, भगवान महावीर का संयम और तप का संदेश हो या स्वामी विवेकानन्द का तेजस्वी व्यक्तित्व इन सबने सिद्ध किया कि सच्ची शक्ति बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि भीतर के आत्मबल में निहित होती है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी इन आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझे, क्योंकि देश की बागडोर अब युवाओं के हाथ में है। वर्तमान समय में युवाशक्ति अनेक चुनौतियों से घिरी हुई दिखाई देती है। भोगवादी प्रवृत्तियाँ, दिखावा, कृत्रिम जीवनशैली और व्यसनों की प्रवृत्ति ने युवाओं के नैसर्गिक तेज को धूमिल कर दिया है। देर रात तक अनावश्यक मनोरंजन में डूबे रहना, असंतुलित दिनचर्या, अस्वस्थ खान-पान और फैशन की अंधी दौड़ ने उनके शरीर और मन दोनों को कमजोर किया है। जबकि एक युवा के व्यक्तित्व में ऊर्जा, उत्साह, दृढ़ निश्चय और कर्मठता का संचार होना चाहिए। राष्ट्र का भविष्य उन्हीं कंधों पर टिका होता है जिनमें सामर्थ्य, चरित्र और कर्तव्यनिष्ठा का बल हो। यदि युवा स्वयं ही शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से दुर्बल हो जाएँ, तो राष्ट्र की प्रगति कैसे संभव होगी? कृत्रिमता के इस युग में मनुष्य बाहरी सजावट से अपनी वास्तविकता को ढकने का प्रयास करता है, परन्तु सच्चाई यह है कि कृत्रिम सौंदर्य कभी भी नैसर्गिक शक्ति और आत्मविश्वास का स्थान नहीं ले सकता। जिस प्रकार सूखी जड़ वाला वृक्ष ऊपर से हरा दिखाया जाए तो भी वह अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकता, उसी प्रकार यदि युवा केवल बाहरी आडंबर में उलझे रहेंगे और आत्मिक विकास की ओर ध्यान नहीं देंगे, तो उनका व्यक्तित्व खोखला रह जाएगा। राष्ट्र निर्माण के लिए ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जिनकी जड़ें मजबूत हों, जिनके भीतर आत्मसंयम और आत्मविश्वास की गहरी नींव हो। भारत की सांस्कृतिक परंपरा ने सदैव संयम, तप और साधना को महत्व दिया है। यहाँ जीवन को केवल भोग का साधन नहीं, बल्कि साधना का अवसर माना गया है। स्वामी विवेकानन्द जब विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लेने के लिए शिकागो गए, तब भी उन्होंने अपने संस्कारों और संयम को नहीं छोड़ा। उनके तेजस्वी व्यक्तित्व का रहस्य बाहरी आकर्षण नहीं, बल्कि भीतर की पवित्रता और आत्मबल था। यही आत्मबल युवाओं को अपनाना होगा। जब युवा अपने चरित्र को दृढ़ बनाते हैं, तब वे समाज में विश्वास और प्रेरणा के स्तंभ बनते हैं। आज देश अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, उद्योग, राजनीति और सामाजिक जीवन में नई संभावनाएँ उभर रही हैं। इन संभावनाओं को साकार करने की जिम्मेदारी युवाओं पर ही है। देश की बागडोर उनके हाथ में है, इसलिए उन्हें केवल अपने व्यक्तिगत सुख-सुविधा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानना चाहिए। देश के प्रति समर्पण केवल नारों से सिद्ध नहीं होता, बल्कि अनुशासन, ईमानदारी और परिश्रम से प्रकट होता है। जब युवा अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा से करते हैं, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है। युवाओं का प्रथम कर्तव्य है कि वे स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाएं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, व्यायाम और योग से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही अध्ययन, चिंतन और सत्साहित्य के माध्यम से बुद्धि का विकास होता है। ज्ञान से ही विवेक उत्पन्न होता है और विवेक से ही सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। जब युवा विवेकशील बनेंगे, तब वे समाज को सही दिशा दे सकेंगे। दूसरा महत्वपूर्ण कर्तव्य है नैतिक मूल्यों का पालन। ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, करुणा और सहयोग की भावना ही समाज को जोड़ती है। यदि युवा भ्रष्टाचार, छल और स्वार्थ से दूर रहकर आदर्श जीवन जिएँगे, तो समाज में विश्वास की नींव मजबूत होगी। राष्ट्र का निर्माण केवल सड़कों और भवनों से नहीं, बल्कि सुदृढ़ चरित्र वाले नागरिकों से होता है। युवाओं को यह समझना होगा कि उनका प्रत्येक कार्य देश के भविष्य को प्रभावित करता है। तीसरा कर्तव्य है सामाजिक जागरूकता और सक्रिय भागीदारी। युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा प्रसार, स्वच्छता अभियान, डिजिटल साक्षरता और सामाजिक समरसता जैसे कार्यों में आगे आना चाहिए। वे नई सोच और नवाचार के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। तकनीकी दक्षता और रचनात्मकता के बल पर वे विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा को ऊँचा उठा सकते हैं। जब युवा अपने कौशल और प्रतिभा को राष्ट्रहित में समर्पित करते हैं, तब देश प्रगति की नई ऊँचाइयों को छूता है। आज आवश्यकता है कि युवा कृत्रिम आकर्षणों से ऊपर उठकर वास्तविक जीवन मूल्यों को अपनाएँ। संयम का अर्थ केवल त्याग नहीं, बल्कि अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करना है। जब इन्द्रियाँ भोग से हटकर योग की ओर उन्मुख होती हैं, तब व्यक्ति में अद्भुत शक्ति का संचार होता है। यही शक्ति राष्ट्र निर्माण का आधार बनती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने भीतर आत्मगौरव और राष्ट्रगौरव की भावना को जागृत करें। भारत का भविष्य उज्ज्वल तभी होगा जब उसकी युवा पीढ़ी जागरूक, अनुशासित और समर्पित होगी। आज का युवा यदि अपने वर्तमान को संवार ले, तो उसका कल स्वयं ही स्वर्णिम हो जाएगा। देश की प्रगति किसी एक नेता या संस्था पर निर्भर नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के सामूहिक प्रयास पर आधारित है। जब प्रत्येक युवा यह संकल्प लेगा कि वह अपने जीवन को राष्ट्र के हित में उपयोग करेगा, तब भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। अंततः यही कहा जा सकता है कि राष्ट्र का सुनहरा भविष्य युवाशक्ति के जागरण में निहित है। युवाओं को अपने कर्तव्यों का बोध होना चाहिए और उन्हें पूरे समर्पण के साथ निभाना चाहिए।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक- सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसार:-9931408109 ईमेल:-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत ख़बरों के चयन के लिए जिम्मेदार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# इस जीत से मनोबल बढ़ा है : ईशान किशन




एजेंसी, कोलंबो

पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में आक्रामक पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने से उत्साहित ईशान किशन ने कहा है कि उन्हें हमेशा से ही अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा था। ईशान ने पाक के खिलाफ पारी की शुरुआत करते हुए 40 गेंदों पर ही 77 रन बनाये थे जिससे भारतीय टीम एक अच्छे स्कोर तक पहुंचने में सफल रही थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा है कि पाक के खिलाफ मिली इस शानदार जीत से टीम का मनोबल और भी अधिक बढ़ा है। इशान ने स्पिनरों की सहायक पिच पर 40 गेंद में 10 चौके और तीन छक्के लगाकर पाक की गेंदबाजी को धवस्त कर दिया। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए तिलक वर्मा के साथ 87 रन जोड़े। तिलक ने भी 25 रन बनाये। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को तय ओवरों से पहले ही 114 रनों पर समेट कर टीम को 61 रनों से जीत दिला

## मुझे अपने पर भरोसा था

दी। ईशान ने कहा, 'शुरुआत में इस विकेट पर खेलना आसान नहीं था पर उन्होंने अपने पर भरोसा बनाये रखा जिससे उन्हें सफलता मिली। उन्होंने अपने मजबूत पक्षों का भी ध्यान रखा। अपने ऑफ-साइड खेल पर मेहनत करने के साथ ही चीजों को सरल बनाये रखा।' वह चाहते थे कि टीम 160 से 170 रन तक पहुंच जाये। इशान किशन ने कहा कि उन्हें खुद पर भरोसा था. वह जानते थे कि इतने रन बनाने पर टीम अच्छी स्थिति में रहेगी। उन्होंने कहा, 'भारत और पाक का मुकाबला हमेशा ही विशेष होता है। केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ये जीत मायने रखनती है। अब हम इस जीत के सिलसिले को बनाये रखना चाहेंगे।' उन्होंने जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी की प्रशंसा करते हुए कहा, 'जब शाहीन गेंदबाजी कर रहे थे तो मुझे नहीं लगा कि तेज गेंदबाजों के लिए पिच से ज्यादा सहायता मिल रही है, पर बुमराह और पंड्या ने उन दो ओवरों में ही हालात बदल दिये। ' भारत टीम इस इस मैच में मिली आसान जीत के साथ ही सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है। पाक की ओर से उस्मान खान 44 और शाहीन शाह अफरीदी नाबाद 23 ही भारतीय गेंदबाजों का सामना कर पाये बाकि सभी विफल रहे।

# टी20 विश्व कपः ओमरजई के हरफनमौला प्रदर्शन से अफगानिस्तान ने यूएई को 5 विकेट से हराया

एजेंसी, नई दिल्ली

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के 28वें मुकाबले में अफगानिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को पांच विकेट से हराकर प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की। सोमवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में अजमतुल्लाह ओमरजई ने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान ने यूएई को 20 ओवर में 9 विकेट पर 160 रन पर रोक दिया था। इसके बाद 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर यूएई के जुनैद सिद्दीकी ने रहमानुल्लाह गुरबाज को आउट कर दिया। गुलबदीन नैब और इब्राहिम जादरान ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन जोड़े। जादरान ने हैदर अली के एक ओवर में चार चौके



लगाकर 18 रन बटोरे। हालांकि छठे ओवर में नैब अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद सिदीकुल्लाह अतल ने जादरान के साथ तीसरे विकेट के लिए 30 रन की साझेदारी की, लेकिन वह 14 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हो गए। जादरान ने 41 गेंदों में 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था। दरविश रसूली ने अजमतुल्लाह ओमरजई के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 रन जोड़े। रसूली ने 23 गेंदों में 33 रन बनाए। अंतिम पांच ओवर में 52 रन की आवश्यकता थी, लेकिन ओमरजई ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला अफगानिस्तान के पक्ष में कर दिया। ओमरजई 21 गेंदों में नाबाद 40 रन (2 चौके, 3 छक्के) बनाकर लौटे और अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर विजयी चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर यूएई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। यूएई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 160 रन ही बना सकी। टीम के लिए अलीशान शराफू ने 31 गेंदों में 40 रन और सोहैब खान ने 48 गेंदों में 68 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर से अजमतुल्लाह ओमरजई ने चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट लिए। मुजीब उर रहमान ने दो विकेट झटके। कप्तान राशिद खान ने भी एक विकेट हासिल किया और इसी के साथ टी-20 क्रिकेट में अपने 700 विकेट पूरे कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। अफगानिस्तान का अंतिम ग्रुप चरण मुकाबला कनाडा के खिलाफ गुरुवार को चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं यूएई की टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

# वैभव बोर्ड परीक्षा नहीं देंगे, आईपीएल पर ही ध्यान देंगे


एजेंसी, पटना

हाल ही में अंडर-19 विश्वकप में धमाकेदार बल्लेबाजी कर सभी को प्रभावित करने वाले भारतीय टीम के 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आईपीएल पर ही ध्यान देंगे और इस बार दसवी की सीबीएसई परीक्ष में नहीं बैठेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार वैभव ने ये फैसला इसलिए लिए है क्योंकि उनकी बोर्ड परीक्षा की तैयारी नहीं हुई है ऐसे में वह इस बार परीक्षा नहीं देते हुए आईपीएल के लिए अभ्यास करेंगे। वैभव ने ट्रेनिंग, कैंप और टूर्नामेंट्स के व्यस्त कार्यक्रम के कारण इस बार बोर्ड परीक्षा छोड़ने का फैसला किया है. वैभव बिहार के ताजपुर के मोडेस्टी स्कूल में पढ़ते हैं और उनकी परीक्षा 17 फरवरी से 11 मार्च तक होनी थी। रिपोर्ट के अनुसार लगातार क्रिकेट खेलने के कारण वैभव घर और स्कूल से दूर रहे, जिससे उनकी परीक्षा की तैयारी नहीं हो पायी है। वहीं इससे पहले स्कूल के डायरेक्टर ने कहा था कि वैभव का परीक्षा फॉर्म जमा हो गया था. उनका एडमिट कार्ड भी जारी कर दिया गया था। परीक्षा केंद्र के तौर पर पोदार इंटरनेशनल स्कूल तय किया गया थ पर वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी से चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया कि वह इस साल परीक्षा नहीं देंगे। वैभन अब आईपीएल 2026 में



राजस्थान रॉयल्स की ओर से भी खेलते दिखेंगे। वह अंडर-19 विश्वकप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने सात मैचों में 62.71 की औसत और 169.49 के स्ट्राइक रेट से 439 रन बनाए, जिसमें एक शतक, तीन अर्धशतक और 175 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है। वैभव ने टूर्नामेंट में 30 छक्के लगाकर रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो 2022 में दक्षिण अफ्रीका के डेवॉल्ड ब्रेविस के 18 छक्कों से काफी ज्यादा है। अब वह विश्वकप इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

# रोहित और अकरम गर्मजोशी से मिले, सोशल मीडिया में आई तस्वीरें



एजेंसी, कोलंबो

भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को हुए टी20 विश्वकप मुकाबले में जहां भारतीय टीम ने पाक खिलाड़ियों से दूरी बनाये रखी। वहीं भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और पाक के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम गर्मजोशी से मिले। इस दोनों के बीच काफी अच्छी कैमेस्ट्री नजर आयी। ये दोनो ही गले मिलते देखे गये। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। रोहित और अकरम को मैच से पहले बातचीत करते, हाथ मिलाते और गले लगते देखा गया। रोहित आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर कोलंबो पहुंचे थे जबकि अकरम कमेंटेटर के रुप में यहां आये है। रोहित भारतीय टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी मिले और उनसे हाथ मिलाया और शुभकामनाएं दीं। भारत-पाक मैच से पहले रोहित और अकरम आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता के साथ मिलकर टी20 विश्व कप की ट्रॉफी मैदान पर लेकर पहुंचे। इससे पहले दोनों ने दोस्ताना अंदाज में बातचीत की, फोटो खिंचवाई और एक-दूसरे को गले भी लगाया। प्रशंसकों ने इन दोनो दिग्गजों की इस मुलाकात को बेहद पसंद किया है। सोशल मीडिया पर इसको लेकर भी प्रतिक्रियाएं आयी हैं। इस मैच में भारतीय टीम ने पाक को आसानी से हरा दिया। इस प्रकार भारतीय टीम ने आठवीं बार पाक को हराया।

# फिडे फ्रीस्टाइल वर्ल्ड चैंपियनशिप : मैग्नस कार्लसन बने पहले आधिकारिक चैंपियन

एजेंसी, जर्मनी

नॉर्वे के विश्व नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम करते हुए पहले आधिकारिक फिडे फ्रीस्टाइल विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका के फैबियानो कारुआना को 2.5–1.5 से हराकर खिताब जीता। वाइसेनहाउस में खेले गए चार गेम के फाइनल मुकाबले में कार्लसन ने चौथा और अंतिम गेम ड्रॉ खेलकर खिताब पक्का किया। 35 वर्षीय कार्लसन को निर्णायक मुकाबले में सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी और उन्होंने बराबरी के एंडगेम में यह परिणाम हासिल कर लिया। 33 वर्षीय कारुआना वापसी के कुछ अवसरों को भुना नहीं सके। रविवार को खेले गए तीसरे गेम ने मैच की दिशा बदल दी। कार्लसन ने लगभग हारी हुई स्थिति से शानदार जीत दर्ज कर मुकाबले का रुख अपने पक्ष में कर लिया। यही जीत अंततः निर्णायक साबित हुई। इस खिताब के साथ कार्लसन अब विभिन्न प्रारूपों में कुल 21 विश्व खिताब अपने नाम कर चुके हैं। यह विश्व चैंपियनशिप फिडे और निजी आयोजक फ्रीस्टाइल चेस के बीच सहयोग का परिणाम थी। यह इस प्रारूप में पहला आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त खिताब रहा। इससे पहले कार्लसन फिडे फिशर रैंडम विश्व चैंपियनशिप नहीं जीत पाए थे, इसलिए यह जीत



उनके लिए खास मानी जा रही है। कांस्य पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। अंतिम गेम ड्रॉ रहने के बावजूद अब्दुसत्तोरोव ने जीत सुनिश्चित की। कार्लसन, कारुआना और अब्दुसत्तोरोव ने अगले वर्ष होने वाली चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। पांचवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में अमेरिका के हांस नीमन ने भारत के अर्जुन एरिगैसी को 2-0 से हराया। वहीं सातवें स्थान के लिए आर्मेनिया के लेवोन अरोनियन ने उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को आर्मगेडन गेम में मात दी। महिला प्रदर्शनी मुकाबले में कजाखस्तान की बिबिसारा अस्साउबायेवा ने स्विट्ज़रलैंड की अलेक्ज़ांद्रा कोस्टेनियुक को हराया। अंतिम मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद भी अस्साउबायेवा विजेता रहीं।

## व्यापार

# शुरुआती घंटे में शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव, सीमित दायरे में कारोबार कर रहे सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली**। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच सीमित दायरे में कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक उछल कर हरे निशान में पहुंच गए। हालांकि ये तेजी अधिक देर तक टिक नहीं सकी। पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। आज सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, कोल इंडिया, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी और ओएनजीसी के शेयर 2.40 प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर जियो फाइनेंशियल, इंफोसिस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, अदानी पोर्ट्स और अडानी इंटरप्राइज के शेयर 1.57 प्रतिशत से लेकर 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,646 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 858 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,788 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल



50 शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान में और 37 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 146.36 अंक की कमजोरी के साथ 82,480.40 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण यह सूचकांक पहले 20 मिनट में ही उछल कर हरे निशान में 82,786.40 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 130.75 अंक की मजबूती के साथ 82,757.51 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 47.50 अंक टूट कर 25,423.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण थोड़ी ही देर में यह सूचकांक रिकवरी कर 25,528.45 अंक के स्तर तक पहुंच गया। पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में कमजोरी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 30.40 अंक की तेजी के साथ 25,501.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1,048.16 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,626.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,471.10 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

# घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी सात हजार रुपये तक टूटी

**नई दिल्ली**। घरेलू सर्राफा बाजार में आज दिन के पहले सत्र के कारोबार में सोने के भाव में सांकेतिक गिरावट नजर आ रही है, जबकि चांदी के भाव में सात हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में मामूली गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 1,57,740 रुपये से लेकर 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,44,590 रुपये से लेकर 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,890 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी



मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# टाटा पंच ईवी कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में बना रही खास पहचान

**नई दिल्ली**। भारतीय बाजार में टाटा पंच.ईवी कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में अपनी खास पहचान बना रही है। पेट्रोल पंच के इलेक्ट्रिक संस्करण के रूप में आई यह एसयूवी शहर की तंग सड़कों से लेकर हाईवे तक बेहतरीन नियंत्रण और गति का अनुभव कराती है। 3,857 मिमी लंबी और 2,445 मिमी व्हीलबेस वाली टाटा पंच.ईवी शहरी ट्रैफिक में बेहद सहज लगती है। इसका 4.9 मीटर टर्निंग रेडियस भी इसे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में आसानी से चलाने योग्य बनाता है। वहीं इसके टॉप वेरिएंट में दी गई 120 बीएचपी की मोटर और 190 एनएम टॉर्क इसे अपने सेगमेंट की सबसे फुर्तीली इलेक्ट्रिक एसयूवी में शामिल करते हैं। यह 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार 9 सेकंड से भी कम में पकड़ लेती है, जो लगभग रुपए 14.44 लाख की कीमत में प्रभावशाली परफॉर्मेंस मानी जाती है। राइड क्वालिटी के मामले में भी टाटा पंच अपनी मजबूती साबित करती है। बैटरी पैक फ्लोर में होने से कार की स्थिरता बढ़ती है और खराब सड़कों पर इसका सस्पेंशन बेहतरीन संतुलन दिखाता है। हल्की गति पर मोड़ लेते समय थोड़ा स्लिपेज जरूर महसूस हो सकता है, लेकिन समग्र अनुभव संतुलित और भरोसेमंद रहता है। अब टाटा मोटर्स 20 फरवरी को टाटा पंच.ईवी के




फेसलिफ्ट मॉडल को पेश करने जा रही है। इसमें नया फ्रंट डिजाइन, क्लोज्ड ग्रिल, अपडेटेड हेडलैंप हाउसिंग और स्किड प्लेट जैसे बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा नए कलर ऑप्शन और ईवी बैज की जगह टाटा ईवी बैज मिलने का अनुमान है। इंटीरियर में बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट और बेहतर सपोर्ट वाली नई सीट्स दिए जाने की उम्मीद है, जो इसकी कमियों को दूर कर सकता है। हालांकि बैटरी और रेंज विकल्प पहले जैसे ही रहने की संभावना है।

# स्नैपडील पर बीआईएस मानकों का उल्लंघन करने पर पांच लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली**। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अनिवार्य भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) प्रमाणन का अनुपालन नहीं करने वाले खिलौने बेचने के मामले में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्नैपडील पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक सीसीपीए ने जरूरी खिलौने (गुणवत्ता नियंत्रण) ऑर्डर, 2020 और बीआईएस मानक का उल्लंघन करके खिलौनों बेचने वाली ई-कॉमर्स कंपनियों और सेलर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। सीसीपीए ने स्नैपडील (ऐस वेक्टर लिमिटेड) पर अपने प्लेटफॉर्म पर नॉन-बीआईएस कंप्लायंट खिलौनों की बिक्री को बढ़ावा देकर गलत व्यापार अभ्यास और गुमराह करने वाले विज्ञापन करने




के लिए 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है, जो कंज्यूमर के अधिकारों का उल्लंघन है। मंत्रालय के मुताबिक सीसीपीए ने जुर्माना लगाने के अलावा स्नैपडील को निर्देश दिया है कि वह भविष्य में यह सुनिश्चित करे कि उसके प्लेटफॉर्म पर कोई भी ऐसा खिलौना सूचीबद्ध या प्रचारित न किया जाए, जो बीआईएस मानकों के अनुरूप न हो। प्राधिकरण ने स्नैपडील को उपभोक्ताओं की त्वरित शिकायत निवारण सुविधा के लिए संपर्क नंबर, ई-मेल पता और शिकायत अधिकारी का विवरण प्रमुखता से प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया है। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे ने बताया कि इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए स्नैपडील (ऐस वेक्टर लिमिटेड) के खिलाफ अंतिम आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने अमेजन तथा फ्लिपकार्ट जैसी अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ-साथ स्टैलियन ट्रेडिंग कंपनी और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार स्टोर जैसे विक्रेताओं को भी नोटिस जारी किए हैं। यह कार्रवाई खिलौना (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2020 के उल्लंघन को लेकर की गई है। खिलौना (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2020...एक जनवरी 2021 से प्रभावी हुआ था, जिसके तहत भारत में बिकने वाले सभी खिलौनों के लिए बीआईएस प्रमाणन अनिवार्य कर दिया गया है।

# खुदरा के बाद अब थोक महंगाई दर में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी दर्ज

**नई दिल्ली**। खुदरा के बाद अब थोक महंगाई दर में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जनवरी महीने में थोक महंगाई दर बढ़कर 1.81 फीसदी पर पहुंच गई। ये पिछले नौ महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है, जो दिसंबर में 0.83 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जनवरी में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर लगातार तीसरे महीने बढ़कर 1.81 फीसदी रही। पिछले वर्ष जनवरी माह में थोक महंगाई दर 2.51 फीसदी थी, जबकि दिसंबर 2025 में यह 0.83 फीसदी रही थी। मंत्रालय के मुताबिक डब्ल्यूपीआई पर आधारित महंगाई दर में यह वृद्धि खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में महीने-दर-महीने आई तेजी के कारण है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक



जनवरी में महंगाई दर में इजाफे का मुख्य कारण बेसिक मेटल, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य पदार्थों और वस्त्रों की कीमतों में बढ़ोतरी रहा है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर भी जनवरी में बढ़कर 2.75 फीसदी रही है। यह बढ़ोतरी खाद्य पदार्थों और कीमती धातुओं की कीमतों में इजाफे की वजह से हुई है। ये नए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के पहले आंकड़े हैं, जिसका आधार वर्ष 2024 है।

# रोमांटिक ड्रामा फिल्म गिन्नी वेड्स सन्नी 2 की रिलीज डेट आउट, दिखा अविनाश तिवारी और मेधा शंकर का रोमांटिक अंदाज

अविनाश तिवारी और मेधा शंकर बहुत जल्द फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 में साथ आने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर इसी नाम से आई मूवी का सीक्वल है जिसमें यामी गौतम और विक्रांत मैसी नजर आए थे। अब इसका सीक्वल थिएटर में रिलीज किया जाएगा जिसमें कॉमेडी और ड्रामा का भरपूर डोज देखने को मिलेगा। अब इस मूवी का पोस्टर और रिलीज डेट भी सामने आ गए हैं। पोस्टर में अविनाश तिवारी पुश अप कर रहे हैं जबकि मेधा शंकर उनकी पीठ पर बैठी हुई हैं। मेधा शंकर को आपने विक्रांत मैसी के आथ 12वीं फेल में देखा होगा। बेहतरीन बॉडी वाले अविनाश तिवारी का रोल फिल्म में रफ एंड टफ हो सकता है जबकि पिंक कलर की साढ़ी में मेधा काफी खूबसूरत लगीं। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा- गिन्नी और सनी वापस आ गए हैं!रिश्ता फिक्स है बस इस बार थोड़ा सा ट्विस्ट है! फिल्म 24




अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में लिलेट दूबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव, गोपी भल्ला, नयनी दीक्षित, विश्वनाथ चटर्जी, रोहित चौधरी और गिन्नी वेड्स सनी जैसे कई प्रतिभाशाली सपोर्टिंग कलाकार भी नजर आएंगे। जी स्टूडियोज और साउंड्रिया प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत, गिन्नी वेड्स सनी 2 का निर्माण विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल ने किया है। प्रशांत झा ने इसे लिखा और डायरेक्ट किया है। ओरिजनल गिन्नी वेड्स सनीमें विक्रांत मैसी द्वारा अभिनीत सनी, गिन्नी को उसकी मां की मदद से जीतने की कोशिश करता है। गिन्नी की मां बिचौलिए का काम करती है और चाहती है कि सनी कैसे भी उसका दिल जीत ले। फिल्म के पहले पार्ट में प्रेम, गलतफहमियों और पारिवारिक अपेक्षाओं जैसे विषयों को दिखाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्तिगत और प्रेम संबंधी बाधाओं को पार करने के बाद गिन्नी और सनी की शादी होती है।



# धुरंधर 2 और टॉक्सिक के बाद रामचरण की फिल्म ने भी की रिलीज से पहले ताबड़तोड़ कमाई, पेड्डी के राइट्स की हुई करोड़ों में डील

धुरंधर 2 और टॉक्सिक दोनों ही फिल्मों का रिलीज से पहले से ही क्रेज काफी ज्यादा है. दोनों ही फिल्मों की रिलीज डेट 19 मार्च है और इन फिल्मों ने अभी से ही ताबड़तोड़ कमाई करना शुरू कर दिया है. इन्हीं फिल्मों के नक्शे कदम पर रामचरण की आगामी फिल्म पेड्डी भी चलने लगी है. रामचरण की इस फिल्म ने भी रिलीज से पहले ही अपनी कमाई शुरू कर दी है. वो कैसे? आइये आपको आगे बताते हैं. सैकनिक के मुताबिक लेटेस्ट ट्रेड रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के ओवरसीज थिट्रिकल राइट्स 40 से 42 करोड़ रुपये में बिक चुके हैं, ये तेलुगू फिल्म की सबसे बड़ी डील बताई जा रही है. ये डील दर्शाती है कि डिस्ट्रिब्यूटर्स का फिल्म के बॉक्स ऑफिस पोटेंशियल पर कितना भरोसा है. खासकर अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुख्य विदेशी बाजारों में, जहां राम चरण के अच्छे खासे फैंस हैं. ट्रैक टॉलीवुड के अनुसार, अकेले अमेरिका में ही फिल्म का ब्रेक-ईवन लगभग 6.5 मिलियन डॉलर होने का




अंदाजा लगाया जा रहा है, जबकि विदेशों में कुल ब्रेक-ईवन 9 मिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है. फिल्म को लेकर क्रेज ही इतना ज्यादा है कि ये डील तो तय ही थी. रामचरण के स्टारपावर को देखते हुए ये फिल्म करोड़ों की कमाई बॉक्स ऑफिस पर भी कर सकती है. वैसे तो ये फिल्म धुरंधर 2 और टॉक्सिक के बाद रिलीज होगी, लेकिन इनके रिकॉर्ड्स भी तोड़ सकती है. बता दें कि तेलुगू फिल्म रामचरण की इस फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर मुख्य किरदार में हैं. इसके अलावा शिवा राजकुमार, जगपति बाबू और दिव्येंदु भी नजर आने वाले हैं. ये फिल्म 30 अप्रैल को कई भाषाओं में देशभर में रिलीज होगी. फिल्म की रिलीज का दर्शखों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार है.

# 21वें दिन भी 'बॉर्डर 2 ने दिखाया दम, खूब छापे नोट, अब तोड़ेगी इस ब्लॉकबस्टर फिल्म का रिकॉर्ड

सनी देओल की 'बॉर्डर 2 को गुरुवार, 12 फरवरी को थिएटर में रिलीज हुए तीन हफ्ते पूरे हो चुके हैं. ये फिल्म 23 जनवरी को रिलीज़ हुई थी तब से ये फिल्म बॉक्स ऑफ़िस पर सक्सेसफुली कमाई कर रही है. वहीं अनुराग सिंह के डायरेक्शन में बनी यह वॉर ड्रामा पहले ही साल 2026 की बॉलीवुड की पहली बड़ी ब्लॉकबस्टर बन गई है. इसने अपनी इमोशनल कहानी और ओरिजिनल फ़िल्म से मज़बूत नॉस्टैल्जिक कनेक्शन के साथ दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचा है. इसी के साथ चलिए यहां जानते हैं 'बॉर्डर 2 ने रिलीज के तीसरे गुरुवार यानी 21वें दिन कितनी कमाई की है? बॉर्डर फ्रैंचाइज़ की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, सीक्वल 'बॉर्डर 2 से न केवल सनी देओल ने दमदार अवतार में बड़े पर्दे पर कमबैक किया है, बल्कि वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी को जोड़कर कलाकारों की टीम को भी बढ़ाया है. 'बॉर्डर 2 का क्रेज दर्शकों के सिर चढ़कर बोला और 30 करोड़ से ओपनिंग करने वाली इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 224.25 करोड़ की धुआंधार कमाई कर डाली. इसके बाद दूसरे हफ्ते में इसने 68.72 फीसदी की गिरावट के बाद 70.15 करोड़ कमाए. फिल्म की तीसरे हफ्ते की कमाई की बात करें तो इसने 15वें दिन 2.85 करोड़, 16वें दिन 5.25 करोड़, 17वें दिन 7.25 करोड़, 18वें दिन 2 करोड़, 19वें दिन 2.5 करोड़ और 20वें दिन 1.75 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'बॉर्डर 2 ने रिलीज के 21वें दिन यानी तीसरे गुरुवार को 1.75 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ इस फिल्म की 21 दिनों की कुल कमाई अब 317.75 करोड़ रुपये हो गई है. 'बॉर्डर 2 ने बेशक तीसरे हफ्ते में कम कमाई की है लेकिन ये अब भी कई फिल्मों के रिकॉर्ड को तोड़ रही है. ये फिल्म 21 दिनों में 317 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है और अब ये ऋतिक रोशन की साल 2019 की ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म वॉर के 318.01 के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ने से इंचभर दूर है. चौथे शुक्रवार को फिल्म ये उपलब्धि भी हासिल कर लेगी. 'बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है. फिल्म में सनी देओल के अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी,मोना सिंह, मेधा राण और सोनम बाजवा सहित कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है. वहीं रानी मुखर्जी की मर्दानी 3 ने बॉर्डर 2 के तूफान के आगे जबरदस्त मजबूती दिखाई है. हालांकि इसने 4 करोड़ के कलेक्शन के साथ थोड़ी धीमी शुरुआत की थी लेकिन फिर इसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और इसी के साथ धुआंधार कमाई कर डाली. सिनेमाघरों में सक्सेसफुली दो हफ्ते पूरे कर चुकी मर्दानी 3 ने पहले वीक में 26.3 करोड़ की कमाई की थी. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 1.10 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ मर्दानी 3 की 14 दिनों की भारत में नेट कमाई 40.90 करोड़ रुपये हो चुकी है.



# तापसी पन्नू की फिल्म अस्सी का नया गाना मन हवा रिलीज, सच और संकल्प की दिखाती है नई परिभाषा

अभिनेत्री तापसी पन्नू की आगामी फिल्म अस्सी जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह एक कोर्ट ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है। फिल्म के निर्माताओं ने नया गाना मन हवा रिलीज कर दिया। यह गाना दिल को छूने वाला और जोश भरने वाला है, जो फिल्म की तेज-तर्रार जांच और कोर्ट ड्रामा की भावना को बखूबी से पेश करता है। फिल्म में मुश्किल सवाल उठाने की हिम्मत और सच के लिए लड़ने की ताकत को यह गाना अच्छे से बयां करता है। सॉन्ग मन हवा को मोहित चौहान, परंपरा टंडन और रोचक कोहली ने मिलकर गाया है और रोचक कोहली ने इसका संगीत तैयार किया है। यह गाना






डर के बजाय हिम्मत, चुप्पी के बजाय सच और समझौते के बजाय पक्के इरादे को चुनने की बात करता है। यह धीरे-धीरे दिल को सुकून देता है और अंदर से ताकत जगाता है, ताकि मुश्किल हालात में भी खुद के लिए और अपने विश्वास के लिए लड़ सको। गाने को लेकर मोहिक चौहान ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, मुझे ऐसे गाने पसंद हैं जो कोई कहानी सुनाते हैं और कुछ कहने की ताकत रखते हैं। गाना मन हव शुरू से ही मुझे ईमानदार लगा और इसे रिकॉर्ड करते समय, मैंने गाने को फील किया और कहानी को खुल के जीने दिया। थप्पड़ और मुल्क जैसी फिल्में देने के बाद एक बार फिर अनुभव सिन्हा ने कोर्ट ड्रामा फिल्म अस्सी का निर्देशन किया है। गाने को लेकर अनुभव का कहना है कि यह गाना इस फिल्म की भावनात्मक धड़कन है। उन्होंने कहा, मन हवा सिर्फ गाना नहीं बल्कि, पूरी फिल्म की धड़कन है। एक ऐसी कहानी में जो सच्चाइयों को चुनौती देती है और मुश्किलों का सामना करती है, यह ट्रैक बोलने, उठने और सभी मुश्किलों के सामने मजबूती से खड़े होने की हिम्मत को दिखाता है। यह उस ताकत का जश्न मनाता है जो हमारे अंदर मौजूद होती है और जब हम ईमानदारी और मजबूती के साथ दुनिया का सामना करने का फैसला करते हैं।

# दो दीवाने शहर में के निर्देशक से लिफ्ट में मिली थीं मृणाल ठाकुर, अभिनेत्री ने बताया मुलाकात का पूरा किस्सा

बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ सालों से अपनी मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाती आई हैं। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म दो दीवाने सहर में की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। उनकी यह नई फिल्म दर्शकों के बीच रोमांस से भरी कहानी लेकर आने वाली है। इस बीच उन्होंने फिल्म के निर्देशक रवि उदयवार से पहली मुलाकात के अनुभव को साझा किया। मृणाल ठाकुर ने कहा, मेरी पहली मुलाकात रवि सर से उनके नए घर की लिफ्ट में हुई थी। मजेदार बात यह है कि मेरी मां ने उन्हें पहचान लिया था, जबकि मैंने उन्हें पहले देखा ही नहीं था। मेरी मां ने कहा, ओह माय गॉड, मुझे आपकी फिल्म मॉम बहुत पसंद आई थी। दो दीवाने सहर में में शामिल होने के फैसले को लेकर मृणाल ने आगे कहा, मैंने रवि सर को कहा था कि मैं उनके काम की बहुत बड़ी फैन हूं और उनके साथ काम करना चाहती हूं। इस पर रवि सर ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि जल्द ही बातचीत करेंगे। इसके कुछ दिनों बाद, उनका मेरे पास मैसेज आया। मैं उस समय दुबई जाने वाली थी, इसलिए मेरे पास ज्यादा समय नहीं था। उन्होंने बताया, मैंने कहानी का छोटा सा हिस्सा सुना और फिर कुछ दिनों बाद सीधे रवि सर के ऑफिस पहुंच गई, जहां मुझे पूरी स्क्रिप्ट सुनाई गई। पूरी कहानी सुनते ही मैं फिल्म में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हो गई और मैंने कहा, चलो इसे करते हैं। अप्रैल तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई थी। दो दीवाने सहर में एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें मृणाल के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी भी मुख्य भूमिका में हैं, और यह फिल्म जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शन्स के सहयोग से बनाई जा रही है। निर्माताओं में संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह और उमेश कुमार बंसल शामिल हैं। फिल्म 20 फरवरी को रिलीज होगी।



# ग्लैमर का दूसरा नाम एक्ट्रेस निधि अग्रवाल, अदाएं देखकर फैंस हुए दीवाने, शेयर की ये खूबसूरत फोटोज !



अभिनेत्री निधि अग्रवाल अपने ग्लैमरस अंदाज़ और खूबसूरती को लेकर लगातार चर्चा में बनी रहती हैं. मूवी 'मुन्ना माइकल से अपने करियर की शुरुआत करने वाली निधि अग्रवाल आज इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्रियों में शुमार हैं. टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी यह फिल्म दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई थी. निधि अग्रवाल सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपने लेटेस्ट फोटोशूट्स और वीडियोज़ फैंस के साथ साझा करती रहती हैं. उनकी हर पोस्ट इंटरनेट पर आते ही वायरल हो जाती है और फैंस उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ करते हैं. यही वजह है कि वह लाखों लोगों की क्रश बन चुकी हैं. हाल ही में निधि अग्रवाल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना नया फोटोशूट शेयर किया है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. इस फोटोशूट में निधि बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए अलग-अलग पोज़ देते देखा जा सकता है. ऑफ-व्हाइट बैकलेस ड्रेस में निधि का लुक काफी आकर्षक लग रहा है. खुले बाल और स्टाइलिश ईयररिंग्स उनके पूरे लुक को और भी निखार रहे हैं. उनके चेहरे की मासूमियत और सादगी भरी अदाएं फैंस को खासा पसंद आ रही हैं. निधि अग्रवाल का यह लेटेस्ट फोटोशूट एक बार फिर साबित करता है कि वह न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं, बल्कि स्टाइल और फैशन के मामले में भी किसी से कम नहीं हैं. फैंस अब उनकी आने वाली फिल्मों और नए प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं.

# Defence spend, upgrade in line with current realities: PM Modi

**NEW DELHI, Agency:** Prime Minister Narendra Modi on Sunday cited the global context to argue in favour of modernising India's defence sector, while calling upon the private sector to step up its act and share the gains with workers and shareholders.



"Since Day 1, our govt has been clear we will do whatever it takes to support our defence forces and strengthen them. Yes, this year's allocation is a record high, but viewing it in isolation only provides a limited perspective...As technology reshapes the world, our armed forces must be equipped with the best of Indian innovation and industry. As a nation that is playing an increasingly important role in the world, we have a duty to modernise our defence sector in line with current realities," PM Modi told PTI in an interview.

The comments come in the backdrop of an increasingly-fragile world, which is undergoing a shift in the power equations with the US and China seeking to stamp their expansionist policies, while conflicts in Ukraine and West Asia have been going on with no immediate resolution in sight. India has to contend with hostilities in the neighbourhood with cyber technology adding to challenges. The PM referred to Operation Sindoor, which showed India's familiarisation with the tech warfare.

The entire nation is proud of the courage shown by our armed forces during Operation Sindoor. During the operation, one could see the benefits of the reforms we have undertaken in the last decade. Therefore, defence budgets, modernisation, etc, all these are parts of our continuous effort and need not be linked to any particular issue. Yes, the reality is that our nation has to be strong and be prepared at all times, and that is what we are doing," PM Modi said.

Asked about the recent trade agreements, the PM said that they have been part of India's global integration with the world, which has picked pace in recent times. Asserting that the recent deals - from the UK to the EU - have been in the pipeline for years and will help Indian producers diversify their markets besides opening opportunities for service professionals.

"These trade agreements are significant not merely because of tariff reductions but because of supply-chain integration and market access in advanced economies. They gradually liberalise manufacturing tariffs, deepen services integration and create new avenues for labour-intensive exports such as textiles, footwear, electronics and engineering goods. In that sense, they support structural transformation rather than simply boosting headline trade numbers.

# India adds record 52.5 GW in first 10 months of FY26

**NEW DELHI, Agency:** Govt on Sunday said India added a record power generation capacity of 52,537 megawatts (52.5 GW) from all energy sources in the first 10 months of the 2025-26 financial year, taking the total installed capacity to 520.6 GW as of Jan 2026.




Officials said over 75% of this addition came from renewable energy, while the rest came from thermal sources. "This marks the highest ever capacity addition in a single year, surpassing the previous record of 34,054 MW (34 GW) achieved during FY 2024-25," the ministry of power said in a statement, adding that installed capacity grew by nearly 11% in 10 months compared with the last financial year.

However, according to Central Electricity Authority's monthly reports, installed capacity in March 2025 was recorded at 475.3 GW. Officials said nearly 2 GW of coal-fired, 4.4 GW of gas-based and 100 MW of nuclear capacity had been under prolonged outage - were not working - and were written off from the total capacity. According to govt's statement, renewable energy sources added 39.7 GW to capacity, including 35 GW of solar and 4.6 GW of wind power. Large hydro projects added 3.4 GW during FY 2025-26, thermal added 8.8 GW and nuclear 700 MW. India now has fossil fuel-based capacity of 248.5 GW, while non-fossil fuel capacity stands at 272 GW.

# High Court rejects bail plea of suspended Punjab Police DIG Harcharan Bhullar

**New Delhi, Agency:** The Punjab and Haryana High Court on Monday rejected the bail plea of suspended Punjab Police DIG Harcharan Singh Bhullar, currently confined in the Chandigarh Model Jail. Bhullar had moved the High Court on January 9 seeking the grant of regular bail. Among other things, he told the court that investigations stood concluded and the final investigation report had already been filed on December 3 last year rendering further custodial interrogation unnecessary.



In his petition filed through counsel Nikhil Ghai, Bhullar claimed that the prosecution proposed to examine predominantly then official witnesses and the complainant in the case. The petitioners stood suspended from service, eliminating any plausible apprehension of influencing witnesses or tampering with the evidence.

The petitioner also claimed that the complainant in the matter was granted protection as per the High Court orders. The trap, as alleged, pertained to the co-accused. It did not pertain to direct acceptance or recovery from the petitioner.

# Over 300 prisons running at twice their capacity

**New Delhi, Agency:** On paper, India's prison crisis is usually flattened into neat averages. Occupancy hovers at 121%, budgets have inched up, new capacity added. The lived reality is less reassuring.In parts of the country, jails are operating without doctors, without counsellors, and with inmates left in limbo even as the barracks continue to fill.



New data presented last week at a national consultation on prison overcrowding by the India Justice Report in collaboration with Prayas, a field action project of the Tata Institute of Social Sciences, shows the scale of the strain. Over 300 prisons across India are running at twice their capacity, a level at which even basics like sleeping space, healthcare and supervision become difficult.

The report on prison capacities cautions that state and national averages often mask ground realities. Individual jails reveal far more extreme pressure points. In Delhi's Central Jail No. 4, overcrowding has risen steadily since 2020, reaching 550% in 2023. Danapur Sub-Jail in Bihar and Gumla district jail in Jharkhand have operated at over 300% capacity, while Kandi Sub-Jail in West Bengal peaked at 450% in 2022.


The biggest reason prisons remain this crowded is not a surge in convictions, but delay. Around 76% of India's prison population consists of undertrials, many of whom have not been found guilty of any crime. They are also spending longer periods inside. The share of undertrials jailed for three to five years has nearly doubled over the past decade, and in 2023, nearly one in four undertrials nationwide had already spent between one and three years in prison. In West Bengal, Manipur and Jammu & Kashmir, the proportion is even higher.

Who stays stuck in this waiting room of justice is not random. Around two-thirds of undertrials and nearly 70% of convicts come from SC, ST or OBC communities that often have less access to legal help and fewer resources to secure bail quickly. While caste data is unavailable, the overrepresentation of marginalised communities inside prisons is telling of social inequalities.

Around 30% of guarding staff posts are vacant nationwide, while 29 states have not sanctioned even a single mental health professional for prisons, despite rising stress and self-harm among inmates.

# US Admiral lauds India's 'tactical execution' of Op Sindoor says defence ties on 'steeply upward trajectory'

**NEW DELHI, Agency:** US commander of Indo-Pacific Command Admiral Samuel J. Paparo, during his India visit on Sunday, "applauded the tactical execution" of the Indian military operations against Pakistan during Operation Sindoor and said "there is always a lesson to learn from every conflict in the world".He said the US-India defence relationship is on a "steeply upward trajectory", even as he flagged concerns about increasing "coercion" and "aggression" in the Indo-Pacific region.



In reply to a Media query about his views on Op Sindoor, the US commander, who was interacting with a select group of journalists, said, "First of all, I have tremendous reverence for the terrible event (Pahalgam terror attack) that preceded the crisis. In my discussion with my partners, I applaud the tactical execution (of operations). We also sincerely applaud the restraint that was exhibited. We hope to work together to see that such a terrible event doesn't happen again." The Admiral also said that he has seen a deep commitment from the Indian military to learn lessons from this conflict.

Asked what lessons the US took away from Op Sindoor which saw Chinese weapons being used by Pakistan, Admiral Paparo said, "Complex long-range weapons have complex long- range kill chains". With the "combination of sensors, communication, propulsion, warheads, seekers in the 21st century, geography is no longer a commodity..."

On China's increasing military might, the Admiral, who is responsible for all US military operations in the region, said, "Deterrence is our highest duty. It is my job to think through the worst-case scenario and to be prepared for that. India shares some of those concerns in the Indo-Pacific, as the region is home to 60% of the world's population, more than 60% of the world's GDP and seven of the world's largest militaries.

"We deal with those concerns with the growing partnerships... mutually respectful, sovereign relationship between the world's oldest democracy and the world's largest democracy," he said, adding both the US and India are committed to the principles of sovereignty, freedom of navigation and freedom of seas.

"We applaud India as a great net contributor to the security of the Indian Ocean region," he said. The two sides are also looking at boosting maritime security cooperation, including in the sphere of undersea domain awareness.

With the impending MILAN exercise in mind, Admiral Paparo said, "It is great to see the deepening of Indo-US defence partnership, enshrined in the recent defence agreement signed in Kuala Lumpur (Oct 31, 2025) between US Secretary of War Pete Hegseth and Indian defence minister Rajnath Singh.

# Canine lovers throng dog show amid rising dog bite cases in Punjab



**Chandigarh, Agency:** Even as Punjab grapples with a sharp rise in dog bite cases, hundreds of dog lovers gathered at the Polo Ground in Patiala on Sunday for the annual All Breed Championship Dog Shows. Dog lovers from over 10 states took part in the event, held under the aegis of the Patiala Kennel Club.

The show was held against the backdrop of growing concern over stray dog attacks in Patiala and adjoining villages. Health Department data reveals that dog bite cases in the district rose from 13,000 in 2022 to an estimated 16,000 in 2023. In 2024, Punjab recorded 2,13,521 dog bite cases, an increase of more than 11,000 cases compared to 2023. Ludhiana was the worst-affected city, followed by Patiala and SAS Nagar.

Despite the surge in cases, animal birth control programmes are currently being implemented only within the Municipal Corporation limits, with no such initiatives in rural areas.

# India-US trade deals fully protect farmers: Amit Shah

**New Delhi, Agency:** Union Home Minister Amit Shah on Sunday accused the Congress and its MP Rahul Gandhi of misleading farmers over India's trade agreements with the United States, the United Kingdom and the European Union. Shah asserted that the PM Modi-led government had ensured complete protection for agriculture and the dairy sector in every pact.



Addressing a gathering in Gandhinagar, Shah dismissed the Opposition's claims that free trade agreements would damage farmers' interests. He said the allegations were baseless and aimed at creating fear among cultivators and cattle rearers.

Shah said it was ironic that the Congress was speaking about farmers' welfare. He alleged that the party had a history of misleading the public and was now spreading falsehoods about international trade agreements.

He maintained that Prime Minister Narendra Modi had taken special care to shield farmers, fishermen and livestock rearers in every agreement signed with the European Union, the United Kingdom and the United States. He assured farmers across the country that there was no cause for concern. In all the trade deals, adequate safeguards had been built in to protect Indian agriculture and dairy, he added. He also rejected the Congress's claim that the agreements would weaken the dairy sector, stating that the present government had in fact strengthened and expanded it.

Referring to Gandhi's remarks that the Prime Minister had damaged India's dairy industry through trade deals, Shah said such statements were untrue. He asserted that the Modi-led government had ensured full security for dairy farmers in every agreement, while simultaneously opening global markets for Indian agricultural and fisheries products.

Shah challenged Gandhi to a public debate on the issue. He said Gandhi could choose any platform and that even the president of the BJP Yuva Morcha would be ready to discuss who had actually harmed farmers and who had worked for their welfare. He reiterated that the Opposition was deliberately misrepresenting the free trade agreements with the European Union and the United Kingdom, as well as the trade arrangement with the United States.

Drawing a comparison between the UPA and NDA governments, Shah claimed that the Modi government had procured significantly more grain from farmers at the minimum support price than the Congress-led regime. He said that in 10 years, the NDA had purchased many times more grain than what was procured during the UPA's tenure. Besides, the agriculture budget had been substantially increased under Modi, rising from Rs 26,000 crore during the previous government to over Rs 1,09,000 crore and later to Rs 1,29,000 crore, he said.